Dainik DEVVRAT

# दैनिक देवव्रत

www.dainikdevvrat.in

आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 36, अंक 226
पृष्ठ 08, मूल्य 3.00
15 मई 2026, शुक्रवार

लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित

E-mail : dainikdevvrat@gmail.com | राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | 1


## CEC की नियुक्ति पर सुप्रीम टिप्पणी, पूछा पैनल में स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं

# नेता विपक्ष की भूमिका बस दिखावा

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** देश में चुनाव आयोग के शीर्ष पदों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के कानून पर सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने कहा कि मौजूदा चयन प्रणाली में कार्यपालिका का प्रभाव इतना अधिक दिखाई देता है कि यह चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल खड़ा करता है।

यह टिप्पणी उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे, 2023 के उस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत सीईसी और ईसीएस की नियुक्ति प्रक्रिया तय की गई है। सुनवाई अभी पूरी नहीं हुई है और मामले की अगली तारीख पर आगे विचार किया जाएगा। वर्तमान कानून के अनुसार चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं। इसी संरचना पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल क्यों नहीं किया गया। अदालत ने टिप्पणी की कि इस व्यवस्था में निर्णय प्रक्रिया लगभग तय हो जाती है, क्योंकि दो सदस्य सरकार से जुड़े होते हैं और तीसरे सदस्य का प्रभाव सीमित रह जाता है। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि चयन समिति में विपक्ष के नेता की भूमिका केवल प्रतीकात्मक बनकर रह जाती है। कोर्ट ने सवाल किया कि यदि अंतिम निर्णय 2:1 के अनुपात में पहले से ही तय है, तो इस समिति में संतुलन का दावा कितना वास्तविक है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या किसी कैबिनेट मंत्री से यह उम्मीद की जा सकती है कि वह प्रधानमंत्री के निर्णय के खिलाफ जाएगा। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि केवल स्वतंत्रता का दावा पर्याप्त नहीं है,



बल्कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता वास्तविक और स्पष्ट रूप से दिखाई भी देनी चाहिए। कोर्ट ने दोहराया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हैं और इसके लिए चुनाव आयोग की स्वतंत्रता अनिवार्य है।

केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कानून का बचाव करते हुए कहा कि संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है और इसे अदालत में केवल संभावित आशंकाओं के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के निर्देश अंतरिम व्यवस्था थे, जो संसद द्वारा बनाए गए कानून को बाधित नहीं कर सकते। सरकार के वकील ने यह भी तर्क दिया कि जब तक यह साबित न हो जाए कि चुनाव आयोग वास्तव में पक्षपाती है, तब तक कानून को असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह यह नहीं कह रहा कि चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश को ही शामिल किया जाए, लेकिन सवाल यह जरूर है कि कोई भी स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं रखा गया। अदालत ने कहा कि अन्य संस्थाओं में, जैसे जांच एजेंसियों के प्रमुखों की नियुक्ति में स्वतंत्र सदस्य शामिल होते हैं, तो चुनाव आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में ऐसा क्यों नहीं किया गया। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका काम नीति बनाना नहीं है, बल्कि यह देखना है कि क्या 2023 का कानून संविधान के अनुच्छेद 14 और 324 के अनुरूप है या नहीं।

सुनवाई के दौरान इस मामले को संविधान पीठ (पांच जजों की बड़ी बेंच) को भेजने पर भी विचार हुआ, क्योंकि यह अनुच्छेद 14 और 324 की व्याख्या से जुड़ा महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न है। हालांकि, इस पर सभी पक्षों में सहमति नहीं बन सकी और सुनवाई को आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अंतरिम व्यवस्था के तहत नियुक्तियों में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का निर्देश दिया था। लेकिन बाद में संसद ने नया कानून पारित कर इस समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक केंद्रीय मंत्री को शामिल कर दिया।

# तीसरे चरण में 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में होगा SIR-चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** चुनाव आयोग ने गुरुवार (14 मई) को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण का आदेश जारी किया. इस चरण में 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया है. इस प्रक्रिया के तहत 3.94 लाख जमीनी स्तर के अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं की जांच करेंगे। यह एसआईआर प्रक्रिया, चल रही जनगणना की हाउस–लिस्टिंग प्रक्रिया के साथ–साथ चलेगा, इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में घर–घर जाकर सर्वे करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को तैनात किया जाएगा।

जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इसमें शामिल किया गया है, वे हैं– आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड. फिलहाल तीन क्षेत्रों– हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को इस चरण से बाहर रखा गया है. आयोग ने कहा कि इन क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा, जिसमें वहां जनगणना के दूसरे चरण की समाप्ति और 'ऊंचाई वाले तथा बर्फबारी वाले इलाकों के मौसम' को ध्यान में रखा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने तीसरे चरण की शुरुआत पर कहा, 'मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें. एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल पात्र मतदाताओं के नाम ही मतदाता सूची में शामिल हों और कोई अपात्र नाम सूची में न आए।' यह प्रक्रिया अलग–अलग समयसीमाओं में चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी. ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर उन राज्यों में




से हैं जहां यह प्रक्रिया सबसे पहले शुरू होगी। यहां घर–घर जाकर सर्वे का काम 30 मई से शुरू होगा और अंतिम मतदाता सूची 6 सितंबर तक जारी होने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्यों में यह प्रक्रिया बाद में चलेगी और वहां अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर तक जारी होगी. त्रिपुरा में यह प्रक्रिया सबसे अंत में 23 दिसंबर तक पूरी होगी. राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने को कहा गया है ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे. अब तक लगभग 3.42 लाख ऐसे एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं. आयोग ने कहा कि यह पुनरीक्षण 'मतदाताओं, राजनीतिक दलों और चुनाव अधिकारियों सहित सभी हितधारकों की भागीदारी वाला अभियान' है। पहले दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया था, जहां लगभग 59 करोड़ मतदाताओं के लिए 6.3 लाख से अधिक बीएलओ और 9.2 लाख पार्टी–नियुक्त एजेंट इस प्रक्रिया में शामिल हुए थे. इस चरण में शामिल राज्यों में महाराष्ट्र में सबसे अधिक मतदाता हैं, जहां 9.86 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इसके बाद कर्नाटक में 5. 55 करोड़ और आंध्र प्रदेश में 4.16 करोड़ मतदाता हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया विवादों में घिर गई थी, जहां चुनाव से दो सप्ताह पहले 27 लाख मतदाताओं का भविष्य 19 न्यायिक न्यायाधिकरणों के फैसले पर निर्भर रह गया था। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। अंततः मतदान से पहले न्यायाधिकरण बहुत कम मामलों पर ही निर्णय दे पाए। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों में से 150 सीटों पर हटाए गए मतदाताओं की संख्या जीत के अंतर से अधिक थी, और इनमें भाजपा ने 99 सीटें जीतीं. 2021 में भाजपा ने इनमें से केवल 19 सीटों पर जीत हासिल की थी।

# अब एक लाइसेंस पर सिर्फ 100 किलो मिलेगा गोल्ड

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** केंद्र सरकार ने सोने के बढ़ते आयात बिल पर लगाम लगाने और घरेलू बाजार को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्टर्स के लिए शुल्क मुक्त सोने के आयात के नियमों को तत्काल प्रभाव से कड़ा कर दिया है। अब एडवांस ऑथराइजेशन (।।) के तहत कोई भी एक्सपोर्टर एक लाइसेंस पर अधिकतम 100 किलोग्राम सोना ही शुल्क मुक्त आयात कर सकेगा।



इससे ज्वेलरी सेक्टर की लागत बढ़ने की संभावना है, जिसका सीधा असर आने वाले समय में सोने की कीमतों पर दिख सकता है। यह फैसला सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) को 6% से बढ़ाकर 15% करने के बाद आया है। नए नियमों के मुताबिक जो एक्सपोर्टर पहली बार लाइसेंस के लिए आवेदन करेंगे, उनके मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। यह जांच इकाई की क्षमता और परिचालन स्थिति को सत्यापित करने के लिए की जाएगी। वहीं दोबारा लाइसेंस चाहने वाले एक्सपोर्टर्स को पिछले आयात के कम से कम 50% निर्यात दायित्व को पूरा करना होगा। ऐसा न होने पर नया आयात लाइसेंस नहीं मिलेगा। लाइसेंस धारकों को हर 15 दिन में स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाणित रिपोर्ट क्षेत्रीय प्राधिकरण को सौंपनी होगी। इसमें सोने के आयात और निर्यात का पूरा विवरण देना होगा। क्षेत्रीय अधिकारियों को हर महीने DGFT हेडक्वार्टर को समेकित रिपोर्ट भेजनी होगी, ताकि केंद्र सरकार देश भर में होने वाले सोने के लेन–देन पर सीधी नजर रख सके। भारत में साल 2025–26 के दौरान सोने के आयात ने पिछले सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मूल्य के मामले में सोने का आयात 24: से अधिक बढ़कर 71. 98 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। भारत में आने वाले कुल सोने का लगभग 40: स्विट्जरलैंड से आता है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16%) और दक्षिण अफ्रीका (10%) का स्थान है। सरकार के इस फैसले पर ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी काउंसिल ने चिंता जताई है। उद्योग जगत का मानना है कि आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी और कड़े नियमों से ग्रे मार्केट (काला बाजार) को बढ़ावा मिल सकता है और देश में सोने की तस्करी बढ़ सकती है।

## पेपर लीक मामले में CBI के रडार पर NTA के अधिकारी

# पूर्व शिक्षक समेत दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने जांच तेज करते हुए दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) और उन संस्थानों के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है, जिन्हें प्रश्नपत्र छपाई से जुड़ी प्रक्रिया तक पहुंच प्राप्त थी।



सीबीआई ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से धनंजय लोखंडा और पुणे से मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के लातूर से एक रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर को भी हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने पिछले 24 घंटों में देशभर के 14 स्थानों पर छापेमारी भी की है। जांच एजेंसी फिलहाल पेपर लीक के असली स्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, अब तक की जांच में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे पहले एजेंसी जयपुर से मंगिलाल बीवाल, विकास बीवाल और दिनेश बीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा गुरुग्राम के यश यादव और नासिक के शुभम खैरनार को भी पकड़ा गया था।

जांच में सामने आया है कि शुभम खैरनार ने अप्रैल महीने में यश यादव को जानकारी दी थी कि मंगिलाल बीवाल अपने छोटे बेटे के लिए लीक हुए नीट प्रश्नपत्र के बदले 10 से 12 लाख रुपये तक देने को तैयार है। आरोप है कि खैरनार ने यादव को 500 से 600 सवाल उपलब्ध कराए थे, जिनमें से कई असली परीक्षा में आए। सीबीआई के मुताबिक, मंगिलाल बीवाल ने यही पेपर अपने बेटे और रिश्तेदारों में भी बांटा था। एजेंसी को डिजिटल उपकरणों की जांच में कई चौट, लीक प्रश्नपत्र और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिले हैं। अब इन डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच कर डिलीट डेटा भी निकाला जाएगा।

इसी बीच, महाराष्ट्र के लातूर में भी जांच तेज हो गई है। लातूर को कोचिंग हब माना जाता है, जहां राज्यभर से छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। यहां एक छात्र के अभिभावक ने शिकायत की थी कि एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट के 42 सवाल NEET परीक्षा में पूछे गए सवालों से मेल खाते थे। इसके बाद सीबीआई ने लातूर के एक कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक को हिरासत में लिया है। हालांकि, एजेंसी ने अभी उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। इससे पहले लातूर पुलिस कोचिंग स्टाफ, काउंसलर और छात्रों समेत छह लोगों से पूछताछ कर चुकी है। गौरतलब है कि नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और 14 विदेशी केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इस परीक्षा के लिए करीब 23 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था। पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी थी। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने भी दावा किया था कि परीक्षा से पहले प्रसारित एक "गेस पेपर" के लगभग 120 सवाल वास्तविक परीक्षा में आए थे।

# वकील की पोशाक में कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची थीं ममता बनर्जी

## बार काउंसिल ने मांगी वकालत की डिटेल्स



**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील की पोशाक पहनकर ममता बनर्जी के पेश होने के कुछ घंटों बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी BCI ने पश्चिम बंगाल स्टेट बार काउंसिल से उनकी वकालत एनरॉलमेंट और प्रैक्टिस की पूरी जानकारी मांगी है। बीसीआई ने स्टेट बार काउंसिल के सेक्रेटरी को पत्र लिखकर 16 मई तक यह जानकारी देने को कहा है। बीसीआई ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में देखा गया कि ममता बनर्जी हाईकोर्ट में वकीलों वाली सफेद बैंड और रोब्स पहनकर आई थीं। पत्र में लिखा गया है कि ममता बनर्जी 2011 से 2026 तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री रहीं। इस दौरान उन्होंने संवैधानिक पद संभाला था। बीसीआई ने अभी यह नहीं कहा कि ऐसा करना सही है या नहीं, लेकिन उन्होंने सिर्फ फैक्ट जानना चाहते हैं। बीसीआई ने पूछा है– ममता बनर्जी कब वकील बनीं? उन्होंने वकालत की प्रैक्टिस की या नहीं?कभी उनकी वकालत सस्पेंड की गई थी?अगर रोकी गई थी तो फिर से शुरू कब हुई?यह जानकारी स्टेट बार काउंसिल के रिकॉर्ड से जाँचकर जल्द भेजने को कहा गया है।

बीसीआई की यह प्रतिक्रिया तब आई जब पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा के ख़िलाफ़ ममता बनर्जी गुरुवार को पहली बार कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील के रूप में पेश हुईं। उन्होंने लोगों की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा, 'मेरा विनम्र अनुरोध है कि बंगाल के लोगों की रक्षा करें। बंगाल बुलडोजर राज्य नहीं है।' ममता बनर्जी हाईकोर्ट में पहली बार पेश हुईं जहां वे वकील के रूप में केस लड़ रही थीं। 1982 में जोगेश चंद्र कॉलेज ऑफ़ लॉ से क़ानून की डिग्री हासिल करने वाली ममता ने कोर्ट से कहा, श्सभी जजों का सम्मान। यह मेरा हाईकोर्ट में पहली बार आना हुआ है। मैं एक वकील के रूप में इस केस को लड़ रही हूं।

# वीडी सतीशन सोमवार को लेंगे केरल के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**तिरूवनंतपुरम, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** केरल के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर वी.डी सतीशन के नाम की घोषणा के साथ ही मुख्यमंत्री को लेकर जारी संशय खत्म हो गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने अब अपना ध्यान राजनीतिक खींचतान से हटाकर सत्ता हस्तांतरण पर केंद्रित कर लिया है। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित वी.डी सतीशन सोमवार को शपथ ग्रहण करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री का मुद्दा सुलझने के बाद यूडीएफ के भीतर नए मंत्रिमंडल की संरचना को लेकर गहन चर्चा शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं कि सभी 20 मंत्री सतीशन के साथ शपथ लें, जिससे मंत्रिमंडल के चरणबद्ध विस्तार की संभावना समाप्त हो जाएगी और इसके बजाय पहले ही दिन पूर्ण पैमाने पर राजनीतिक शुभारंभ का विकल्प चुना जाएगा।

केरल में परंपरागत रूप से गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता शपथ समारोह के दौरान मुख्यमंत्री के साथ शपथ लेते हैं, हालांकि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने में हुई देरी के बाद बची हुई अनिश्चितता की जरा सी भी आशंका से बचने के लिए कांग्रेस नेतृत्व उत्सुक नजर आ रहा है। यूडीएफ जो संदेश देना चाहता है वह स्पष्ट है। अशांति समाप्त हो गई है, सरकार तैयार है और गठबंधन एकजुट है। गुरुवार शाम कांग्रेस नेता सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजभवन पहुंचे।



सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व और प्रमुख सहयोगियों, जिनमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस गुट शामिल हैं, के बीच पोर्टफोलियो आवंटन और मंत्री पदों पर प्रतिनिधित्व को लेकर गहन विचार–विमर्श जारी है। सत्ता बंटवारे का व्यापक फार्मूला काफी हद तक तय हो चुका है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण विभागों और कैबिनेट के भीतर क्षेत्रीय संतुलन को लेकर अभी भी चर्चा जारी है। कांग्रेस नेतृत्व इस बात से भी अवगत है कि 102 सीटों का भारी जनादेश हासिल करने के बाद सुचारू और स्थिर शुरुआत की उम्मीदें असाधारण रूप से अधिक हैं।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने निजी तौर पर स्वीकार किया है कि मंत्रिमंडल गठन में किसी भी देरी से अनावश्यक अटकलों को फिर से हवा मिल सकती है, ऐसे समय में जब गठबंधन निर्णायकता और प्रशासनिक तत्परता प्रदर्शित करना चाहता है। आईयूएमएल सुप्रीमो पनक्कड़ सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल ने कहा, 'वी.डी सतीशन को नया मुख्यमंत्री घोषित किए जाने पर हम इस फैसले के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमने शुरू से ही यह स्पष्ट कर दिया था कि हम एआईसीसी नेतृत्व के फैसले का पालन करेंगे। यह सरकार अगले पांच वर्षों तक एक सच्चे 'टीम यूडीएफ' प्रशासन के रूप में कार्य करेगी।

## ईरान ने UAE तट के पास एक जहाज को किया जब्त

# ओमान में हमले के बाद भारतीय झंडा लगा जहाज डूबा

**दुबई, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। UKMTO के अनुसार, यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर–पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया। प्रारंभिक रिपोर्टों में बताया गया है कि जहाज को जब्त करने के बाद उसे ईरानी जलक्षेत्र की ओर ले जाया गया। हालांकि अभी तक जहाज का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही किसी समूह ने इस कार्रवाई की जिम्मेदारी ली है। न्ज्ञडज्व ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और सभी संभावित पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। इसी बीच भारतीय अधिकारियों ने जानकारी दी है कि ओमान के तट के पास एक भारतीय ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई और बाद में वह डूब गया। यह जहाज सोमालिया से यूएई के शारजाह की ओर जा रहा था। जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय चालक दल को ओमान की तटरक्षक टीम ने सुरक्षित बचा लिया। अधिकारियों के अनुसार,



सभी नाविक सुरक्षित हैं और उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना को गंभीर और अस्वीकार्य बताते हुए नागरिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की है। हमले के पीछे कौन था, इसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। यह घटना बुधवार को उस समय हुई जब जहाज ओमान के तट के पास से गुजर रहा था। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सभी भारतीय चालक दल को ओमान की तटरक्षक टीम ने सुरक्षित बचा लिया और उन्हें दिबा बंदरगाह पर पहुंचाया गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग एक–चौथाई हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करती है। इन घटनाओं के बीच पश्चिम एशिया में पहले से ही राजनीतिक तनाव चरम पर है।

# अब जस्टिस स्वर्णकांता नहीं करेंगी केजरीवाल से जुड़े मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे आबकारी नीति मामले के कुछ बरी किए गए आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर उनके और अदालत के खिलाफ की गई अत्यंत अपमानजनक, मानहानिकारक और घृणित टिप्पणियों पर चुप नहीं रह सकती हैं। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ प्रत्यर्थी मेरे खिलाफ और इस अदालत के खिलाफ बेहद घृणित, अवमाननापूर्ण और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। मैं चुप नहीं रह सकती। मैंने कुछ प्रत्यर्थियों और अन्य अवमाननाकर्ताओं के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का फैसला कर लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि वह खुद को इस मामले से अलग नहीं कर रही हैं। हालांकि, आबकारी मामले की सुनवाई अब एक अन्य पीठ द्वारा की जाएगी।


'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

' किसी अवतार में आओ '

लाभ दोस्तों के लिए,
घाटा झेले आम ।
ऐसे क्रूर निज़ाम से,
देश बचाओ राम ।
किसी अवतार में आओ ।



धीरू भाई का दो टूक
15 मई 2026

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम AIJAZ AHMAD KHAN S/O RITAZ AHMAD KHAN पता–9/337 BOMBAY DOCK LABOUR ROAD COLONY FIRST FLOOR COTTON GREEN MUMBAI 400033 MAHARASTRA INDIA अंकित हो गया है जो गलत है जबकि मेरा सही नाम **AIJAZ AHMAD KHAN S/O RIYAZ AHMAD KHAN** पता मुहल्ला शेख टोला जाकिर नगर वार्ड नं. 15 नगर पालिका परिषद बिलरियागंज परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ है। यही नाम मेरे आधारकार्ड सहित अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। इसे सुधारा जाये।

### NOTICE

It is for general Information that I PRAVEEN KUMAR SRIVASTAVA S/O SUNIL KUMAR SRIVASTAVA R/O Locality & Anantpura, Katna Post-Azamgarh City Tah-Sadar Dis- Azamgarh Uttar Pradesh-276001 declare that my name has been wrongly written as PRAVEEN SRIVASTAV and my mother name as NEETU SRIVASTAV and my father name as SUNIL SRIVASTAV in my 10th- and as PRAVEEN KUMAR SRIVASTAVA- my mother as PUSHPLATA SRIVASTAVA, and my father as SUNIL KUMAR SRIVASTAVA in my 12th Class education document- The Actual name is **PRAVEEN KUMAR SRTVASTAVA** my mother as **PUSHPLATA SRIVASTAVA** my father as **SUNIL KUMAR SRIVASTAVA** which may be amended accordingly- It is ceritified that I have completed with other legal requirements, In this connection. PRAVEEN KUMAR SRIVASTAVA M-9450869480

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पुत्र के आधारकार्ड के अनुसार उसका नाम Ramajodhia है जबकि हाईस्कूल के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम Ayodhya Yadav (अयोध्या यादव) होना चाहिए। मैं चाहती हूं कि मेरे पुत्र का नाम हाईस्कूल के अनुसार Ayodhya Yadav नाम से पहचाना जाय।

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाण्डेन्ट बाबत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
बअदालत अपर आयुक्त प्रशासन
आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़
मु.नं. सी 20241500002166
धारा 207 उप्रासं. 2006 मौजा शाहपुर

**रामभवन बनाम रामअशीष**

बनाम–रामअशीष पुत्र सहबली 2. केसरी देवी पत्नी सहबली साकिनान शाहपुर परगना घोसी तहसील सदर जनपद मऊ 3. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत शाहपुर परगना घोसी तहसील सदर जनपद मऊ। —प्रतिवादीगण

मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिगरी इस मुकदमे में धनराशि में पेश किया गया वह इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत में तारीख 19 महीना 06 सन् 2026 ई0 वास्ते समायत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपके वकील या और कोई शक्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आयेगा तो उसका समायत और तजवीज आपके गैर हाजिरी में एकतरफा की जायेगी। आज बतारिख 08 माह 05 सन् 2026 ई0 मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय
रसड़ा, जनपद बलिया
प्रकीर्ण सं० 02/2026
धारा –12 घ० हिं० अधि०
ता० पेशी 16.05.2026

**संगीनी शर्मा** उम्र तकरीबन 26 वर्ष दुर्गा प्रसाद पेक्षा गृहणी ग्राम सिंगही थाना रसड़ा जिला बलिया। —प्रार्थिनी

बनाम

**दुर्गा प्रसाद** उम्र तकरीबन 35 वर्ष पुत्र प्रेम कुमार शर्मा 2. गौरव उर्फ मोनू उम्र तकरीबन 26 वर्ष पुत्र प्रेम कुमार शर्मा 3. बेचनी देवी पत्नी प्रेम कुमार शर्मा उम्र तकरीबन 50 वर्ष 4. प्रेम कुमार शर्मा उम्र तकरीबन 59 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कृष्ण शर्मा 5. पूनम उम्र तकरीबन 37 वर्ष पुत्री प्रेम कुमार शर्मा 6. किरन उम्र तकरीबन 39 वर्ष पुत्री प्रेम कुमार शर्मा समस्त निवासीगण ग्राम सिंगही थाना रसड़ा जिला बलिया। —प्रतिवादीगण

चूंकि आपकी उपस्थिति 12 घरेलू हिंसा अपराध के आरोप के उत्तर देने के लिये आवश्यक है। आपकी अनुपस्थिति में बकाया धनराशि के बाबत वसूली की कार्यवाही की जा सकती है, अतएव आपको एतदद्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वयं / अधिवक्ता द्वारा उपर्युक्त न्यायालय के समक्ष सन् ई० के मास केदिवस को उपस्थिति हो, ऐसा करने में त्रुटि न हो। —न्यायाधीश

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो लड़के क्रमशः सुजीत यादव व अजीत यादव और एक लड़की पूनम यादव है। लड़की पूनम यादव शादी–शुदा है, और अपने घर रहती है। मेरे छोटे लड़के अजीत यादव की सोहबत, कार्य व्यवहार एवं चाल–चलन अच्छा नहीं है। ऐसी स्थिति में मैं अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति के वसीयत नामा दिनांक 04.05.2026 के आधार पर सम्पूर्ण सम्पत्ति का बड़े लड़के सुजीत यादव को अपना वारिस तय करता हूं जिसका आवेदन क्रमांक 202600967002338 है, तथा मैं अपने छोटे बेटे अजीत यादव को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। **राजेन्द्र यादव** पुत्र दुक्खी यादव निवासी बकिया लक्षिरामपुर परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़।

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा लक्षिरामपुर

**प्रभु बनाम जितेन्द्र आदि**

बनाम– जितेन्द्र 2. हरेन्द्र 3. सतेन्द्र 4. अमित पुत्र श्यामबिहारी साकिन लक्षिरामपुर तप्पा अठैसी परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 38 (2) उप्रासं 2006 मौजा अंजान शहीद

**इरफान अहमद बनाम ग्राम पंचायत**

बनाम–कमरूद्दीन, शमसुद्दीन, सदरूद्दीन, फखरूद्दीन, नजरेआलम, सरफुद्दीन पुत्रगण मोबीन, दिलजहां पत्नी बदरूदीन, सलीम अहमद, अब्दुल लतीफ, अब्दुल रहीम पुत्रगण बदरूद्दीन अरबाज, शहबाज, सुहेल पुत्रगण हेसामुद्दीन तैवुन्निशा पत्नी हेसामुद्दीन साकिन अंजान शहीद परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 11 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अतिरिक्त अधिकारी द्वितीय, आजमगढ़
मु.नं. टी 202615060107985

**परशुराम बनाम अशोक कुमार**

बनाम–अशोक कुमार 2. चन्द्रपति पुत्रगण शिवप्रसाद 3. नन्दकिशोर 4. दयानन्द पुत्रगण रामप्रसाद 5. जुगुल किशोर पुत्र जंगबहादुर 6. मरजादी पत्नी जंगबहादुर 7. रामवृक्ष 8. रामकीरत 9. हरिकेश 10. राधेश्याम पुत्रगण भगेलू साकिनान सुराई परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 11. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़ 12. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत सुराई परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 22 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 08 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### सूचना-चुनाव कार्यक्रम

समिति श्री रामलीला समिति, ग्राम–युसुफाबाद, पोस्ट–चिरैयाकोट, तहसील–मोहम्मदाबाद, जिला–मऊ के प्रबन्ध समिति का निर्वाचन कार्यक्रम विवरण–

**कार्यक्रम का विवरण**

1. नामांकन पत्र प्राप्त करना दिनांक 24.05.2026 समय पूर्वान्ह 10 बजे से 11 बजे तक 2. नामांकन पत्र दाखिला दिनांक 24.05.2026 समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक 3. नामांकन पत्र की जांच दिनांक 24.05.2026 समय मध्यान 12 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक 4. नामांकन पत्र की वापसी दिनांक 24.05.2026 समय अपरान्ह 12.30 से 1.00 बजे तक 5. वैध नामांकन पत्रों के प्रत्याशियों की पदवार सूची का प्रकाशन दिनांक 24.05.2026 समय अपरान्ह 1.00 बजे से 1.30 बजे तक 6. मतदान दिनांक 24.05.2026 समय अपरान्ह 1.30 बजे से शाम 3.00 बजे तक 7. मतगणना व निर्वाचन परिणाम की घोषणा दिनांक 24.05.2026 समय शाम 3.00 बजे से परिणाम जारी होने तक निर्वाचन केन्द्र–परिसर/प्रांगण समिति श्री रामलीला समिति, ग्राम–युसुफाबाद, पोस्ट–चिरैयाकोट, तहसील–मोहम्मदाबाद, जिला–मऊ।

(लल्लन सिंह यादव) निर्वाचन अधिकारी/प्रधानाध्यापक
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानीपुर, मऊ

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) बूढ़नपुर, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006 मौजा बूढ़नपुर

**सुनील बनाम गीता आदि**

बनाम–गीता देवी पत्नी कैन्हालाल 2. ओमप्रकाश 3. जयप्रकाश पुत्रगण मनिराम साकिनान भीलमपुर छपरा परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 07 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) बूढ़नपुर, आजमगढ़
धारा 38 (2) उप्रासं 2006 मौजा भोराजपुर खुर्द

**केशव प्रसाद आदि बनाम राजबहादुर**

बनाम–शशिभूषण 2. शिवप्रसाद पुत्रगण राजबहादुर साकिनान भोराजपुर खुर्द परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ हालमुकाम फूलवरिया परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 30 माह 04 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 144 उप्रासं 2006 मौजा बघावर

**रामप्रेम** 2. रमायन पुत्रगण सुग्रीव साकिन बघावर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**राजू** 2. राहुल पुत्रगण इन्द्रासन 3. लौजारी पत्नी इन्द्रासन 4. रितेश पुत्र इन्द्रासन 5. श्याम अवध पुत्र नदेसर 6. किशोर पुत्र रामअवध 7. रामप्रताप 8. रामदुलारे 9. रामसिंगारे पुत्रगण रामरूप 10. टिनकू 11. जीतू 12. अमन 13. आकाश 14. आदर्श पुत्रगण रामप्यारे 15. रमावती पत्नी रामप्यारे 16. विशाल पुत्र रामसितारे 17. रागिनी पुत्री रामसितारे 18. सूरज 19. विशुन पुत्रगण रामसितारे 20. रीता देवी पत्नी रामसितारे 21. राधिका देवी पत्नी रामदुलारे साकिनान बघावर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 22. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बघावर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 23. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 26 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) लालगंज, आजमगढ़
धारा 20/24 उप्रासं 2006 मौजा बहलोलपुर

**प्रदीप बनाम गांवसभा**

बनाम– धनराज पुत्र रामस्वरूप 2. भानु प्रताप पुत्र खदेरू 3. राजेन्द्र पुत्र बुधिराम 4. विन्ध्याचल पुत्र बुधिराम 5. सवरू पुत्र रामसूरत 6. सुबाष पुत्र बुधिराम 7. सोनू पुत्र खदेरू साकिनान बहलोलपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 8. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बहलोलपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006 मौजा देवारा तुर्कचारा

**राधा आदि बनाम भोला आदि**

बनाम– प्रियंका 2. प्रिया 3. प्रीति पुत्रीगण फूलबदन 4. राधा पत्नी फूलबदन 5. रामविनय पुत्र फूलबदन 6. विवेक पुत्र फूलबदन 7. बखेडू पुत्र मेढू साकिनान चौकना रामचन्दर परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़।

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 20 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा मेउड़िया

**सौरभ** 2. शुभम पुत्रगण स्व. सरजू 3. पार्वती पत्नी स्व. सूरजू साकिन मेउड़िया परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**जयप्रकाश** पुत्र सीताराम साकिन खुरौली तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 2. बांकेलाल पुत्र स्व. हरिहर साकिन गोपालपुर परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 3. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत मेउड़िया परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 05 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
धारा 134 उप्रासं 2006 मौजा भटौरा

**शाहिन परवीन** पत्नी इमरान अहमद साकिन अन्जान शहीद तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादिनी

बनाम

**सोफियान** पुत्र महफूज 2. मंसूर पुत्र सईद साकिन भटौरा तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 3. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्ध समिति ग्राम पंचायत भटौरा तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 3. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा मड़ना

**रमेश** पुत्र ललई साकिन मड़ना परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

**गंगई** पुत्र ललई साकिन मड़ना परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पंचायत मड़ना परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस बुक में मेरे पिता का नाम TILKU YADAV तथा मेरी माता का नाम PHOOL PATTI व पत्नी का नाम GAYATRI YADAV दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि सही नाम पिता का नाम TILAKU YADAV माता का नाम POOLA PATTI व पत्नी का नाम GAYTRI है जो सही है। इसे सुधारा जाये। **उमाशंकर यादव** पुत्र तिलकू यादव निवासी ग्राम पश्चिम पट्टी पोस्ट भीमल पट्टी थाना अहरौला तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम चुन्नौ खान (CHUNAU KHAN) था जिसे बदलकर मैंने मो. असलम (MO ASLAM) कर लिया है। भविष्य में मुझे **मो. असलम (MO. ASLAM)** नाम से जाना, पहचाना जाए। मो. असलम (MO ASLAM) पुत्र वहाब खान (WAHAB KHAN) निवासी ग्राम गहनी खुर्द पोस्ट तोवा थाना फूलपुर पिन–276305 जनपद आजमगढ़।

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी निजामाबाद, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा उत्तरगावा

**महेन्द्र** 2. राजनरायन पुत्रगण स्व. शंकर साकिन उत्तरगावा परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**अनुपम** पुत्र शशिभूषण चतुर्वेदी साकिन बैराडीह उर्फ गम्भीरपुर परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 2. अरविन्द पुत्र नन्दलाल 3. अलगू पुत्र टिल्लू 4. उर्मिला पत्नी नन्दलाल 4. खूबलाल पुत्र सामा 6. भरत पुत्र लालता 7. पन्ने पत्नी पांचू चौहान 8. रामअशीष 9. रामचन्दर पुत्रगण विश्राम 10. रामबचन 11. रामलखन पुत्रगण लालता 12. लक्ष्मी पत्नी लालता 13. शिवपूजन 14. शिवबचन पुत्रगण लालता 15. श्रीमान 16. हरिश्चन्द पुत्रगण तेजू साकिनान उत्तरगावा परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 17. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत उत्तरगावा परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 18. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 02 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
मु.नं. डी 202615060000124
धारा 30 (2) उप्रासं 2006 मौजा चाकीडीह

**जियालाल आदि बनाम लालबहादुर आदि**

बनाम– लालबहादुर पुत्र मुन्नी उर्फ मुन्नीलाल 2. रमेश यादव 3. राकेश कुमार यादव पुत्रगण शंकर यादव साकिनान खुझरा पोस्ट सिधौना परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत चाकीडीह पोस्ट सिधौना परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 20 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 24 माह 04 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी फूलपुर, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006

**सैयद कमर रजा** पुत्र मकबूल हुसेन साकिन शाहराजा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

**निसार हुसेन** पुत्र आलेहसन 2. किशु पुत्र बहाल साकिन शाहराजा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 3. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत शाहराजा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 08 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### आवश्यकता है–

गाँधी स्मारक त्रिवेणी महाविद्यालय, बरदह, आजमगढ़ (सम्बद्ध–महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय (एम0ए0) भूगोल में (तीन) व समाजशास्त्र में (दो) प्रवक्ताओं तथा स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय (बी0काम0) में (तीन) व विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान में (तीन) व गणित, भौतिक विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, विषयों में दो–दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 उ0प्र0 शासन /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना स्वप्रमाणित दो फोटो लगा आवेदन–पत्र, समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर भेजें।

प्रबन्धक मो.–7307108365

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़
धारा 38 (2) उप्रासं 2006

**भोला बनाम जयराम आदि**

बनाम–जयराम, राजेन्द्र, शंकर, सुरेन्द्र पुत्रगण रामपति साकिन गड़ेरूवा परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत गड़ेरूवा परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 25 माह 04 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006 मौजा बेहटा

**रामकुमार बनाम जयराम**

बनाम–मंगरू पुत्र राजदेव साकिन बेहटा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बेहटा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 13 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अतिरिक्त अधिकारी प्रथम, आजमगढ़
धारा 144 उप्रासं 2006 मौजा बरहतिर जगदीशपुर

**राजनरायन** पुत्र स्व. सतिराम राय 2. जयनरायन राय 3. शिवनरायन राय 4. संजय राय 5. संतोष राय पुत्रगण स्व. विश्राम राय साकिन बरहतिर जगदीशपुर परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**सुबाष** 2. सुरेश पुत्रगण स्व. हरिहर 3. अभिषेक पुत्र रामाश्रय 4. श्रीमती ऊषा पत्नी रामाश्राय साकिनान बरहतिर जगदीशपुर परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 5. नगर पंचायत जहानागंज बजरिये अध्यक्ष नगर पंचायत जहानागंज परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 6. उ.प्र.सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़।—प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 13 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

**सम्पादक :**
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

दैनिक देवव्रत www.dainikdevvrat.in
आजमगढ़, उ.प्र.
15 मई 2026, शुक्रवार


# नकली और मिलावटी दवाओं के निर्माण-बिक्री पर नियंत्रण न कर पाना सिस्टम का नाकारापन है

पिछले दिनों सामने आई वह खबर विचलित कर गई कि दिल और रक्तचाप नियंत्रण की दवाइयों में गुणवत्ता की गिरावट पायी गई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ की ओर से मार्च माह के लिए जारी ड्रग अलर्ट में देश में बनी कई दवाइयों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट डराती है कि कुल 141 दवाओं के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इनमें शुगर, हार्ट, उच्च रक्तचाप, मिर्गी जैसे गंभीर रोगों का उपचार करने वाली दवाइयां भी शामिल हैं। इनमें इंजेक्शन व कफ सिरप भी शामिल हैं। कमोबेश यही स्थिति विटामिन व आयरन की गोलियों की भी रही। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई। इतना ही नहीं, टूथपेस्ट, मेहंदी व साबुन के नमूने तक फेल हुए हैं। कह सकते हैं कि दवा के नाम पर दर्द देने का कारोबार देश के विभिन्न भागों में खूब फल-फूल रहा है, जो नियामक एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठाता है। कह सकते हैं कि यह अब सिर्फ स्वास्थ्य का ही मुद्दा नहीं रहा, यह जिंदगियों से खिलवाड़ के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंचाता है।

निस्संदेह, घटिया दवाओं से किसी का बीमार होना एक व्यक्ति या परिवार की ही त्रासदी नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कोई व्यक्ति सेहत सुधारने के लिए महंगी दवा का सेवन करे और उपचार के बाद और बीमार हो जाए। ये मरीज के विश्वास के साथ भी छल जैसा है। यह देश में सक्रिय खतरनाक तंत्र की ओर भी इशारा है जो पूरे देश में नकली व घटिया दवाओं के उत्पादन व आपूर्ति से जुड़ा है। वे चिकित्सक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते जो ऐसी संदिग्ध दवाइयां मरीजों के उपचार के लिए लिखते हैं, जिनकी गुणवत्ता को लेकर शंका रहती है। कोरोना काल में हमने देखा था कि चंद रुपयों के लालच में घातक बीमारियों से ग्रस्त लोगों को नकली रेमडेसिविर के इंजेक्शन बेचे गए। कितना शर्मनाक है कि जानलेवा कैंसर की दवाइयों में घटिया व सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाकर बेची जा रही थी। गुरुग्राम में पिछले दिनों वजन घटाने वाले नकली इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामदगी हुई। देश में घातक दवाओं को बेचने वाला एक तंत्र सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है।

# नीट परीक्षा में नो नीट एंड नो क्लीन सर

● राकेश अचल



भारत में आप चाहे जो कर लें किसी भी क्षेत्र में न नैतिकता का पौधा रोप सकते हैं और न अनैतिकता की फसल पनपने से रोक सकते हैं, क्योंकि अनैतिकता का घुन पूरे सिस्टम को चट कर चुका है. हाल ही में नीट परीक्षा के रद्द होने की कहानी जगजाहिर है.

नीट यानि राष्ट्रीय अहर्ता और प्रवेश परीक्षा अर्थात 'नीट' का अतीत विवादों से भरा रहा है।बेहद काला है. इस परीक्षा में चूंकि नेशनल शब्द बाबस्ता है इसलिए नीट परीक्षा का पेपर लीक होना और परीक्षा रद्द होना राष्ट्रीय शर्म का विषय है.और शर्म से हमारे सिस्टम तथा सरकार का कोई रिश्ता अब शायद बचा नहीं है. शर्म से कोई रिश्ता होता तो ऊपर से लेकर नीचे तक कोई तो इस नाकामी की नैतिक जिम्मेदारी लेता. इस्तीफा देता? नीट परीक्षा ही नहीं बल्कि हर प्रादेशिक और राष्ट्रीय परीक्षाएं लीकप्रूफ नहीं हैं. हर साल नीट परीक्षा के ह्लपेपर लीकह्व के आरोप लगे, लेकिन आधिकारिक तौर पर बड़े स्तर पर स्वीकार या जांच वाले मामले बहुत कम हैं।मुझे याद आता है साल 2015. तब एआईपीएमटी का पेपर लीक हुआ था. तब शायद नीट नहीं होती थी.इस परीक्षा का पेपर कथित रूप से ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए लीक हुआ। तब सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया। यह भारत के मेडिकल एंट्रेंस इतिहास का सबसे बड़ा पेपर लीक माना जाता है।

वर्ष 2021 में पहली बार सॉल्वर गैंग और नकल नेटवर्क का पता चला था. उस साल कई राज्यों में ह्लसॉल्वर गैंगह्व पकड़े गए। यद्यपि पूरे देश में परीक्षा रद्द नहीं की गई थी.लेकिन बिहार, राजस्थान और यूपी में संगठित नकल नेटवर्क सामने आए। बेशर्म सिस्टम ने इसे पूर्ण राष्ट्रीय पेपर लीक आधिकारिक तौर पर नहीं माना गया। देश में भाजपा सरकार बनने के बाद लगता है कि नीट परीक्षा के पेपर लीक करना एक राष्ट्रीय उद्योग बन गया. साल 2024 में सबसे बड़ा विवाद सामने आया.बिहार और गुजरात से पेपर लीक के आरोप सामने आए.कई गिरफ्तारियां हुईं. सीबीआई जांच हुई. कोई 67 छात्रों के 720/720 अंक आने से विवाद और बढ़ा. मजे की बात ये कि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कुछ छात्रों को लाभ मिला, लेकिन पूरे सिस्टम में ह्लव्यापक लीकह्व का पर्याप्त प्रमाण नहीं मिला, इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा रद्द नहीं की गई। 2024 मामले में जांच एजेंसियों ने कहा कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले कुछ लोगों तक पहुंचा था और ह्लसॉल्वर गैंगह्व सक्रिय थे। नीट परीक्षा को नीट एंड क्लीन ' बनाने के लिए सरकार फिर भी कुछ नहीं कर सकी. नतीजा सबके सामने है. इस साल 2026 में फिर पेपर लीक के आरोप सामने आए। ह्लगेस पेपरह्व के नाम पर लाखों रुपये में असली प्रश्नपत्र बेचे जाने की जांच चल रही है और मामला उइकतक पहुंच गया है। बार-बार लीक भारत मे बड़े और राष्ट्रीय स्तर पर पेपर लीक करने का धंधा वर्ष 2015 से चल रहा है. यानि 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से.अर्थात बड़े स्तर पर कम से कम 4 प्रमुख विवाद सामने आए हैं।लेकिन छोटे स्तर पर सॉल्वर गैंग, नकल और पेपर आउट होने के आरोप लगभग हर 2-3 साल में सामने आते रहे हैं। लाखों परीक्षार्थी इस चोर धंधे की सजा भुगतते हैं लेकिन पिछले एक दशक में न किसी मंत्री ने इस्तीफा दिया और न लीकेज रुका. दर असल प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता को लेकर न केंद्र सरकार सजग है और न राज्य सरकारें. दुर्भाग्य से अभी तक देश के लाखों युवाओं के भविष्य से जुडा ये अपराध अभी तक राजनीतिक मुद्दा बना ही नहीं है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भले ही '₹ नीट के अनीट₹ होने का मामला संसद में उठाने का भरोसा दिलाते हैं किंतु सडकों पर कोई नहीं आता.जिस देश में सरकार इस पूरे मामले पर मौन साधे बैठी है. प्रधानमंत्री के मन में इस विषय के अंकुर आजतक नहीं फूटे फूटी तो कल के नेताओं यानि युवाओं की किस्मत. इसे जोडने में कितना वक्त लगेगा, ये कोई नहीं जानता. यही सच है औरसच कडवा होता ही है.




# ट्रंप की चीन यात्रा व ईरान संकट का प्रश्न

● पुष्परंजन जैन

ट्रंप की चीन यात्रा के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाकात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नहीं किया है!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल, 2026 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक रूढ़िवादी रेडियो होस्ट, माइकल सैवेज की पोस्ट को रीशेयर करते हुए भारत और चीन को हेलहोल्स, यानी नरक जैसी जगह बताया था। ट्रंप पहले वाले नरक में पधार चुके हैं। शुक्रवार तक वे नरकवासी रहेंगे। दोनों शासन प्रमुखों की मुलाकात की पहली जगह है, टेम्पल ऑफ हैवन। लगता है, शी ने जानबूझ कर यह वेन्यू चुना है, ताकि वो अमेरिकी राष्ट्रपति को यह महसूस करा सकें, कि आप जिसे नरक बोल रहे थे, वहां स्वर्ग के वास्ते मंदिर भी है। इस बार फर्स्ट लेडी ट्रंप के साथ चीन नहीं जा रही हैं।

सबका ध्यान यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थल, ह्यटेंपल ऑफ हेवनह्न (स्वर्ग का मंदिर) पर केंद्रित होगा; यह सदियों पुराना एक शाही परिसर है, जो अनुष्ठानों, ब्रह्मांडीय व्यवस्था और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा हुआ है। रविवार को अमेरिका की मुख्य उप प्रेस सचिव अन्ना केली के अनुसार, ट्रंप के बुधवार शाम को पेइचिंग पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद अगली सुबह वे एक स्वागत समारोह और शी के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों नेता ह्यटेंपल ऑफ हेवनह्न का दौरा करेंगे, और एक राजकीय भोज में शामिल होंगे।

केली ने कहा कि शी और ट्रंप शुक्रवार को चाय और वर्किंग लंच के लिए फिर से मिलेंगे। संभवतः उसी दिन, उभयपक्षीय समझौतों की घोषणा होगी। ट्रम्प और शी को दो दिनों की मुलाकातों में टेक्नोलॉजी, टैरिफ, व्यापार, जरूरी खनिजों और ताइवान जैसे मुश्किल मुद्दों से निपटना होगा; ये मुलाकातें अब अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भी गहरे साये में हैं।

टेंपल ऑफ हेवन (थिएनथान पार्क) 15वीं सदी का एक धार्मिक परिसर है। यह धरती और स्वर्ग के बीच के रिश्ते का प्रतीक है—एक ऐसा विचार जो पारंपरिक चीनी ब्रह्मांड विज्ञान के केंद्र में है। वर्ष 2017 में इस जगह को देखते हुए जानकारी मिली थी, कि मिंग और किंग राजवंशों के सम्राट इसका इस्तेमाल एक पवित्र स्थल के तौर पर करते थे। यहां वे स्वर्ग के लिए बलि चढ़ाते थे, और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते थे। साथ ही, यह सम्राट की उस भूमिका को भी मजबूत करता था, जिसमें उन्हें स्वर्गीय व्यवस्था और धरती के शासन के बीच एक मध्यस्थ माना जाता था।

मध्य पेइचिंग के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित यह परिसर 273 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह ह्यफॉरबिडन सिटीह्न से लगभग चार गुना बड़ा इलाका है। लेकिन, थ्येनआनमन चौक स्थित फॉरबिडन सिटी (निषिद्ध नगर) का कैनवास ज्यादा बड़ा है। यह मिंग और किंग राजवंश के 24 सम्राटों का निवास स्थान था, और 1420 से 1924 तक 500 वर्षों से अधिक समय तक चीन की राजनीतिक सत्ता का केंद्र रहा है।

वर्ष 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान पेइचिंग यात्रा में ट्रंप का पहला पड़ाव फॉरबिडन सिटी ही था। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति का हमेशा से कहीं ज्यादा भव्य स्वागत किया गया, जिसे पेइचिंग ने स्टेट विज़िट-प्लस (राजकीय यात्रा से भी बढ़कर) का नाम दिया था। उस समय, शी और प्रथम महिला पेंग लियुआन ने पूर्व शाही महल में स्थित बाओ युन लोऊ (खजानों का हॉल) में ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया से चाय पर मुलाकात की थी। यह पहला अवसर था, जब 1949 में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के बाद, चीन ने किसी राष्ट्राध्यक्ष की मेजबानी फॉरबिडन सिटी (निषिद्ध नगर) के भीतर की थी।



बाओ युन लोऊ को 1915 में पेइचिंग के बाहर शाही आवासों से लाए गए खजानों को रखने के लिए बनाया गया था। इसके निर्माण के लिए धन अमेरिकी सरकार द्वारा तत्कालीन राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट के कार्यकाल में भेजा गया था। 2017 वाली यात्रा में शी से चाय पर बातचीत के दौरान, ट्रंप ने अपनी पोती अरेबेला का एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में अरेबेला ने चीपाओ (पारंपरिक चीनी पोशाक) पहनी हुई थी, और वह चीनी गीत गा रही थी, साथ ही मैंडरिन भाषा में प्राचीन चीनी कविताएं सुना रही थी।

पेइचिंग आने वाले विदेशी नेताओं के यात्रा कार्यक्रमों में फॉरबिडन सिटी को अक्सर शामिल किया जाता रहा है, लेकिन ऐसी यात्राओं का आयोजन आमतौर पर संग्रहालय के सामान्य कामकाज के दौरान ही किया जाता है। इस स्थल को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाता था। लेकिन, इस बार उल्टा हुआ है। मंगलवार को, टेंपल ऑफ हेवन पार्क प्रशासन ने घोषणा की, कि 13 और 14 मई को यह जगह आम लोगों के लिए बंद रहेगी, और जिन लोगों ने पहले ही टिकट खरीद लिए हैं, वे रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

टेंपल ऑफ हेवन, भले ही फॉरबिडन सिटी जितना खास न हो, लेकिन कहा जाता है कि यह हेनरी किसिंजर का पसंदीदा ठिकाना था। हेनरी किसिंजर अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री थे, जिन्होंने वॉशिंगटन और पेइचिंग के बीच सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई थी, और इस जगह पर एक दर्जन से ज्यादा बार आए थे। 1971 में तत्कालीन राष्ट्रपति राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का रास्ता साफ हुआ था। इस बार, शी और ट्रंप के बीच खाई पाटने में बैक चैनल ही काम कर रहा था, जिसमें ट्रम्प के दामाद और वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर, और अमेरिका में चीन के राजदूत शी फेंग की अहम भूमिका बताई जा रही है। ईरान यदि लड़ाई इतनी लम्बी खींच ले गया, तो उसके पीछे शी और पुतिन ही रहे हैं। चीन का करीबी सहयोगी ईरान, युद्ध खत्म करने की वॉशिंगटन की मांगों के बावजूद अड़ा हुआ है।

ट्रम्प ने एक तथाकथित नरक की यात्रा कर ली। अब दूसरे की बारी है। उन्होंने 2026 में भारत आने पर अपनी रजामंदी दे रखी है, उसकी तारीख की घोषणा बाकी है। अमेरिका-चीन कूटनीति में भारत एक अहम और रणनीतिक स्थिति रखता है; यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाता है, और साथ ही पेइचिंग के साथ अपनी जटिल सुरक्षा, आर्थिक और सीमा संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए बहु-संरेखण (मल्टी एलाइनमेंट) की नीति अपनाता है।

ट्रंप एक ऐसे समकक्ष के साथ बैठक करेंगे, जिसने चीनी सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है, उसके बरअक्स ट्रम्प, अपने आखिरी कार्यकाल में हैं। वहां मिड टर्म एलेक्शन में छह माह से भी कम समय रह गया है। लेकिन? क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाकात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नही किया है!

लेखक जियो-पॉलिटिकल मामलों के पत्रकार हैं।



## सिने जगत

# तीसरी बार ह्यखतरों के खिलाड़ी में नजर आएंगे करण वाही, बोले- शो ने खत्म किया कुत्तों का डर



टीवी एक्टर और होस्ट करण वाही एक बार फिर खतरों के खिलाड़ी में नजर आएंगे। करण इससे पहले सीजन 8 और खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया का हिस्सा रह चुके हैं। अब वह तीसरी बार खतरों के खिलाड़ी 15 में दिखाई देंगे।

करण ने बताया कि यह शो सिर्फ एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि जिंदगी बदल देने वाला एक्सपीरियंस है।

**सवालः तीसरी बार खतरों के खिलाड़ी में जा रहे हैं। शो को लेकर कितना एक्साइटमेंट है?**

**जवाबः** शो की बात करें तो पुराना शो भी बहुत डरावना था। अब नया शो कितना डरावना होगा, ये तो हमें भी नहीं पता क्योंकि उन्होंने ज्यादा बताया नहीं है, लेकिन मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि मुझे तीसरी बार यह शो करने का मौका मिल रहा है। जितना ज्यादा डर लगेगा, उतना ज्यादा मजा आएगा। अब बस उस पल का इंतजार है जब हम केपटाउन जाएंगे और रोहित सर के साथ फिर वही सफर शुरू होगा।

**सवालः जब तीसरी बार शो का ऑफर आया, तब पहला रिएक्शन क्या था?**

**जवाबः** मेरा पहला रिएक्शन सीधा हां था क्योंकि यह शो सिर्फ शो नहीं है, एक एक्सपीरियंस है। यहां आपके कॉम्पिटिटर्स भी आपको चीयर करते हैं। अगर आप जीतते हैं तो सामने वाला हार जाएगा, लेकिन फिर भी वो आपके लिए उतना ही चीयर करेगा जितना खुद के लिए करते हैं।आज के समय में ऐसा शो दूसरा नहीं है। यहां आपको वो सब करने का मौका मिलता है, जो हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कभी नहीं करते।हम घर पर रह सकते हैं, फोन दूर रख सकते हैं, टीवी नहीं देख सकते, डांस या गाना गा सकते हैं, लेकिन असली जिंदगी में हम चूहों के बीच नहीं बैठते, 100 मंजिला इमारत से नहीं लटकते और ना ही ऐसी खतरनाक छलांग लगाते हैं। अगर आपको ये सब दोबारा करने का मौका मिले, तो डर जरूर लगता है।

**सवालः पहली और दूसरी बार शो करने के दौरान सबसे बड़ा डर क्या था?**

**जवाबः** पहली बार तो मुझे कई चीजों से डर लगता था, लेकिन सबसे बड़ा फोबिया जानवरों का था, खासकर डॉग्स का। खतरों के खिलाड़ी के बाद वो डर पूरी तरह खत्म हो गया और आज मेरे घर में खुद का डॉग है। दूसरी बार भी हाइट का डर था और सच कहूं तो वह आज भी है, लेकिन यह शो आपको सिखाता है कि माइंड ओवर मैटर क्या होता है।

**सवालः क्या डर कभी पूरी तरह खत्म हो जाता है?**

**जवाबः** नहीं। यह शो हमेशा आपके सामने एक नया डर ले आता है। अगर कुत्तों का डर खत्म हुआ, तो अब वो शेर या चीता ले आएंगे, लेकिन यही इस शो की खूबसूरती है कि आप खुद को हर बार नए तरीके से टेस्ट करते हैं।

**सवालः असल जिंदगी में करियर की शुरूआत के दौरान सबसे बड़ा डर क्या था?**

**जवाबः** अगर डर को जनरल सेंस में देखें, तो डर आज भी है। छोटी-छोटी चीजों का डर रहता है। पहले मुझे अपने पैरेंट्स से डर लगता था, पढ़ाई से डर लगता था, लेकिन अगर काम की बात करूं, तो 20-22 साल पहले दुनिया भी बहुत अलग थी। उस वक्त इंसान बहुत फियरलेस होता है। आप दुनिया के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। बस नाम कमाना होता है। लगता है कि सब कर लेंगे, कुछ भी कर लेंगे।

उस समय शायद डर कम था, मैं थोड़ा ज्यादा फियरलेस था। अब मैं इसे डर नहीं कहूंगा, लेकिन अब चीजों के बारे में ज्यादा सोचता हूं। ये हर इंसान के साथ होता है। पहले बस यही सोच होती थी कि काम आ रहा है, कुछ भी करो लेकिन काम करो।अब बस यही उम्मीद रहती है कि इतने सालों से लोगों ने मुझे जो प्यार दिया है, वो आगे भी मिलता रहे। मैंने 20-22 साल काम किया है, तो अगर अगले 20-22 साल भी उसी दिल से काम कर पाऊं, वही प्यार और सम्मान मिलता रहे, तो उससे बड़ी बात कुछ नहीं होगी।करण 'कसम से', 'कुछ तो लोग कहेंगे', 'कहानियां हमारी... दिल दोस्ती दीवानापन की' और 'चन्ना मेरेया' जैसे शो का हिस्सा रहे हैं।

# ट्रंप और जिनपिंग की दोस्ती ने बदल डाले वैश्विक राजनीतिक समीकरण, दक्षिण एशिया का भविष्य अधर में

● नीरज कुमार दुबे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा बदलती विश्व व्यवस्था का ऐसा प्रतीक बनकर सामने आई जिसने वैश्विक राजनीति की दिशा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ट्रंप की लंबी बैठकों, व्यापारिक समझौतों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी सहयोग पर चर्चा तथा अमेरिकी उद्योगपतियों की भारी मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि तमाम टकरावों और आरोपों के बावजूद अमेरिका और चीन एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते। इसी के साथ यह सवाल भी तेज हो गया है कि क्या इस यात्रा ने क्वॉड जैसे रणनीतिक समूहों के भविष्य पर भी अनिश्चितता पैदा कर दी है?

दिलचस्प बात यह है कि पिछले वर्ष जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, तब ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ह्लअमेरिका भारत को चीन और रूस के हाथों खो रहा है।ह्व यही नहीं, मोदी की चीन और रूस के नेताओं के साथ तस्वीरों को वाशिंगटन में रणनीतिक असहजता के रूप में देखा गया था। लेकिन अब वही ट्रंप खुद चीन की धरती पर शी जिनपिंग के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। उनके साथ अमेरिका के सबसे बड़े उद्योगपति और तकनीकी कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद रहे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि भारत का चीन से संवाद अमेरिका के लिए ह्लभारत को खो देनाह्व था, तो फिर ट्रंप की अपनी चीन यात्रा को क्या कहा जाए? क्या यह अमेरिकी यथार्थवाद है, आर्थिक मजबूरी है या फिर वैश्विक शक्ति संतुलन की नई स्वीकारोक्ति है?

ट्रंप की इस यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया। शहर की सड़कों पर चालक रहित विद्युत वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियां, मानवरूपी रोबोट और डिजिटल विज्ञापन चीन की नई ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे। चीन दुनिया को यह संदेश देना चाहता था कि अब वह केवल सस्ती वस्तुएं बनाने वाला देश नहीं बल्कि भविष्य की तकनीकों का नेतृत्व करने वाली शक्ति बन चुका है।

देखा जाये तो ट्रंप की यात्रा ऐसे समय हुई जब अमेरिका ईरान युद्ध के कारण कई मोर्चों पर दबाव में है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार चीन ने ईरान संकट का उपयोग अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच चीन ने ऊर्जा आपूर्ति और हथियारों के जरिये अपनी भूमिका बढ़ाई, जबकि अमेरिका युद्ध और आर्थिक दबावों में उलझा रहा। यही कारण है कि ट्रंप को अंततः बीजिंग पहुंचकर शी जिनपिंग से संवाद करना पड़ा।



बीजिंग में हुई बातचीत के दौरान ताइवान सबसे बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। शी जिनपिंग ने साफ कहा कि यदि ताइवान के मुद्दे को ठीक ढंग से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव और संघर्ष हो सकता है। यह बयान केवल चेतावनी नहीं था बल्कि बदलते शक्ति संतुलन का संकेत भी था। चीन अब अमेरिका से बराबरी की भाषा में बात कर रहा है।

ट्रंप की प्राथमिकता हालांकि व्यापार और निवेश रही। उनके साथ एलन मस्क, जेन्सन हुआंग और अन्य अमेरिकी उद्योगपति भी पहुंचे। यह इस बात का संकेत था कि अमेरिकी उद्योग जगत चीन से दूरी नहीं चाहता। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था और विशाल तकनीकी बाजार से अलग होना अमेरिका के लिए आसान नहीं है।

व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक बयान ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप की चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई संवेदनशील मुद्दों पर व्यावहारिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए। बयान के अनुसार ट्रंप और शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए चीन में बाजार पहुंच बढ़ाने, चीन के निवेश को अमेरिका में प्रोत्साहित करने और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न होने देने पर भी सहमति जताई। चीन ने जलडमरूमध्य के सैन्यीकरण का विरोध दोहराया, जबकि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देने पर भी साझा रुख सामने आया। यह बयान इस बात का संकेत है कि तीखी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक अविश्वास के बावजूद अमेरिका और चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टकराव के बजाय नियंत्रित सहयोग की राह भी तलाश रहे हैं।

यही वह बिंदु है जहां क्वॉड का भविष्य भी सवालों में घिरता दिखाई देता है। क्वॉड को लंबे समय से हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाले समूह के रूप में देखा जाता रहा है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की यह साझेदारी चीन को लेकर साझा रणनीतिक चिंता पर आधारित मानी जाती है। लेकिन यदि अमेरिका का राष्ट्रपति खुद चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने, व्यापार बढ़ाने और तकनीकी सहयोग तलाशने बीजिंग पहुंचता है, तो फिर क्वॉड की वास्तविक दिशा क्या रह जाएगी?

भारत के लिए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में नई दिल्ली ने क्वॉड को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। लेकिन ट्रंप की चीन यात्रा यह संकेत देती है कि अंततः अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। यदि आर्थिक या सामरिक कारणों से उसे चीन के साथ समझौता करना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेगा। ऐसे में भारत को यह समझना होगा कि वैश्विक राजनीति स्थायी मित्रताओं से अधिक स्थायी हितों पर चलती है।

ट्रंप की यात्रा ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा अब केवल व्यापार युद्ध तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, दुर्लभ खनिज, चिप निर्माण, समुद्री मार्गों और वैश्विक प्रभाव की व्यापक लड़ाई बन चुकी है। लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के बीच दोनों देश एक दूसरे पर निर्भर भी हैं। अमेरिका चीन को रोकना चाहता है, लेकिन उसकी कंपनियां चीन के बाजार और विनिर्माण क्षमता से अलग नहीं हो पा रहीं। दूसरी ओर चीन अमेरिकी तकनीक और वैश्विक वित्तीय संरचना से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता। इसीलिए बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात केवल दो नेताओं की बैठक नहीं थी। यह उस नई विश्व व्यवस्था की झलक थी जिसमें प्रतिद्वंद्विता और सहयोग साथ-साथ चलेंगे। दोनों देश सार्वजनिक रूप से एक दूसरे को चुनौती देंगे, लेकिन आर्थिक और तकनीकी स्तर पर पूरी तरह अलग भी नहीं होंगे।

इस पूरी प्रक्रिया में भारत की स्थिति बेहद जटिल हो जाती है। एक ओर वह अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखता है और चीन के साथ संवाद भी बनाए हुए है। ट्रंप की चीन यात्रा भारत को यह संदेश भी देती है कि वैश्विक राजनीति में किसी एक धुरी पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।

बहरहाल, ट्रंप की बीजिंग यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 21वीं सदी की विश्व राजनीति का केंद्र अब अमेरिका चीन संबंध ही होंगे। यही संबंध तय करेंगे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था किस दिशा में जाएगी, तकनीकी नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा और भविष्य की विश्व व्यवस्था कैसी होगी। लेकिन इसके साथ ही यह यात्रा एक बड़ा सवाल भी छोड़ गई है कि यदि अमेरिका खुद चीन के साथ अपने रिश्तों को नए सिरे से गढ़ रहा है, तो फिर दुनिया के बाकी देशों से वह किस प्रकार की रणनीतिक निष्ठा की अपेक्षा कर सकता है?

# जिलाधिकारी ने हर घर जल परियोजनाओं का किया निरीक्षण स्कूल, आंगनबाड़ी एवं सरकारी संस्थानों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

## हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता–जिलाधिकारी

**भदोही, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा आज हर घर जल पेयजल परियोजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत गांधी ग्राम में निर्मित 300 केएल क्षमता की पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्य का निर्माण कार्यदायी संस्था जी. ए. इंफ्रा द्वारा कराया गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा आगामी 10 वर्षों तक योजना के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी निभाते हुए ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुरूप पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।



ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक तथा सायं 3:00 बजे से 5:00 बजे तक नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पेयजल की शुद्धता बनाए रखने हेतु 100 लीटर पानी की क्षमता वाला डोजर भी स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य सरकारी संस्थानों में शत-प्रतिशत पेयजल कनेक्शन एवं नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल का लाभ निरंतर प्राप्त हो सके।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत नवधन में निर्मित पेयजल टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था जी. ए. इंफ्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि नवधन ग्राम पंचायत के समस्त कार्य 31 मई तक पूर्ण कर प्रत्येक घर तक हर घर नल योजना के अंतर्गत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर पेयजल कनेक्शन प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं।

जिलाधिकारी ने शेष लंबित कनेक्शनों को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में विशेष रुचि लेकर कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाया जाए तथा गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया गया सेल्फ ईनुमिरेशन



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 14 मई **(देवव्रत संवाद)**। दिन बुधवार को स्व गणना के अवसर पर रेलवे,पोस्ट ऑफिस तथा बैंक के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सेल्फ ईनुमिरेशन किया गया।इस बाबत जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 भारत में होने वाली आगामी राष्ट्रीय जनगणना है।यह देश के प्रत्येक व्यक्ति, परिवार तथा आवास से सम्बन्धित अधिकारिक गणना प्रक्रिया है।उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना के सुचारू संचालन हेतु स्वगणना एच०एल०ओ० चरण जनगणना-2027 प्रक्रिया निर्धारित की गयी है,जिसके क्रम में दिनांक 07.05.2026 से 21.05.2026 के मध्य किया जाना निर्धारित है।जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासी से अपील करते हुवे कहा कि आप सभी लोग स्वगणना प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करते हुवे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करे ।

### दुकान के शटर में उतरा करंट युवक की हुई मौत



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 14 मई **(देवव्रत संवाद)**।अलीनगर थाना अंतर्गत कुछमन बाजार में गुरुवार को अपनी दुकान खोलने पहुंचे रिशु नामक 32 वर्षीय युवक की शटर में करंट उतरने से हुई मौत।बताया जाता है कि गुरुवार को रिशु अपनी दुकान खोलने के लिए जैसे ही शटर उठाने लगा इसी दौरान शटर में करंट आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको परिजनों ने इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया।इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### चोरी का एक मोबाइल बरामद,एक चोर गिरफ्तार



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 14 मई **(देवव्रत संवाद)**।उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में थाना चकिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पोस्ट ऑफिस के पास बने सार्वजनिक शौचालय (वार्ड नं.1 चकिया के पास से मु.अ.सं. 122/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त नौशाद पुत्र इम्तियाज निवासीः ग्राम वार्ड नं.8, दुर्गानगर थाना चकिया जनपद चन्दौली को चोरी के एक मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह वादी मुकदमा आफताब आलम का मोबाइल दिनांक 31.03.2026 की रात करीब 01 बजे दीवार के सहारे चढ़कर आफताब के घर की दूसरी मंजिल से चोरी कर लिया था।गिरफ्तारी से बचने के लिए वह शिकारगंज भाग गया था और वहां एक दुकान पर काम कर रहा था।वह चोरी के मोबाइल को बेचने की फिराक में था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर करें सहभागिता-जिलाधिकारी



पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 14 मई **(देवव्रत संवाद)**।जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने जनपदवासियों से भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल जनगणना से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पहली बार आम नागरिकों को स्वयं अपने मोबाइल फोन/लैपटॉप/ कम्प्यूटर के माध्यम से जनगणना करने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में नागरिकों द्वारा स्व-गणना का कार्य किया जा रहा है तथा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों,युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों से पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।उन्होंने जानकारी दी कि स्व-गणना का कार्य 21 मई 2026 तक किया जा सकेगा।इसके लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल सी.सेंसुस. जीओवी.ईन पर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।इसके उपरांत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक दल घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य संपन्न करेंगे।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, युवाओं,कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे स्वयं स्व-गणना करें तथा अपने परिवार, पड़ोस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को इसके प्रति जागरूक कर जनपद की प्रगति बढ़ाने में अपना योगदान दे।उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है,बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। शिक्षा,स्वास्थ्य, आवास,रोजगार तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सकता है।

# छत पर सो रहा था परिवार, लाखों की चोरी, चोरों ने दरवाजा बंद कर वारदात की

**मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। मिजार्पुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के रजौहा गांव में बीती रात एक घर में लाखों रुपये की चोरी हुई। चोरों ने घरवालों को छत पर बंद कर जेवर, नकदी और कपड़े चुरा लिए। रजौहा गांव निवासी रामलाल मौर्य के घर में यह घटना हुई। गर्मी के कारण उनकी पत्नी दया देवी और छोटा बेटा रोहित रात में छत पर सो रहे थे।

इसी दौरान चोर घर में दाखिल हुए और सबसे पहले छत पर जाने वाले दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया, ताकि परिवार के सदस्य नीचे न आ सकें। इसके बाद चोरों ने कमरों के कुंडे तोड़े, अलमारियों और बक्सों के ताले तोड़कर घर में रखे जेवर, नकदी और कपड़े चुरा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। सुबह जब दया देवी की नींद खुली, तो उन्होंने छत का दरवाजा बाहर से बंद पाया। उनके आवाज लगाने पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला। नीचे आने पर परिवार ने देखा कि कमरों का सामान बिखरा पड़ा था, जिसके बाद चोरी का पता चला।कुछ देर बाद घर के पीछे स्थित तालाब के पास खाली सूटकेस और अटैची मिलीं, जिन्हें चोर सामान निकालने के बाद फेंक गए थे। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है।



पुलिस के अनुसार, घटना वाली रात पड़ोस में रामकिशुन पटेल के यहां हल्दी-मेहंदी का कार्यक्रम चल रहा था। माना जा रहा है कि चोरों ने डीजे की तेज आवाज और भीड़भाड़ का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अमरनाथ यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने तालाब किनारे मिले सूटकेस और अटैची को अपने कब्जे में ले लिया है।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना का खुलासा करने के लिए सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आंधी और बारिश से जनपद में हुए नुकसान के आंकलन हेतु सम्बन्धित अधिकारी तेजी से कर रहे कार्य-अपर जिलाधिकारी

पीडीडीयू नगर(चन्दौली), 14 मई **(देवव्रत संवाद)**। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार ने अवगत कराया कि बुधवार को बेमौसम आंधी और बारिश से जनपद में बिजली,दीवार और पेड़ गिरने से हुए नुकसान का आंकलन हेतु सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील होकर तेजी से कार्य कर रहे है।जनहानि के प्रकरण में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि सभी मौके पर पहुंच कर और पीड़ितों को आपदा राहत कोष से लाभ दिलवाएं।उनकी इस दुःख की घड़ी में शामिल रहे।उन्होंने कहा अधिकारियों द्वारा राहत कार्य युद्धस्तर पर शुरू है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने की कार्यवाही तेजी से चल रही है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों की निरंतर निगरानी की जा रही है।बिजली विभाग ने आंधी के तुरंत बाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी टीमें तैनात कर दी हैं,जो दिन-रात काम कर रही हैं। अधिकारी युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द व्यवस्था सामान्य हो सके।गिरे पेड़ों को हटाने तथा सफाई का व्यापक अभियान जारी है।ग्रामीणों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त (ढह गए)हुए हैं,उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हुए नुकसान पर जांचोपरांत पीएम आवास के तहत पक्का घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। आम जनता से अपील है कि आंधी-तूफान के दौरान घरों के अंदर सुरक्षित रहें और सड़कों पर गिरे पेड़ों की सूचना स्थानीय प्रशासन को दें।

### स्वर्णकार संघ भदोही ने पदाधिकारियो को सौपा दायित्व

गोपीगंज, 14 मई **(देवव्रत संवाद)**। स्वर्णकार संघ भदोही ने संगठन के प्रति निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए गिराई निवासी वीरेंद्र सोनी को गोपीगंज का नगर अध्यक्ष तथा ज्ञानपुर रोड निवासी सूरज सोनी को महामंत्री नियुक्त किया है।नियुक्ति पत्र स्वर्णकार संघ भदोही के जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ (इलू) की ओर से जारी किया गया है। पत्र में आशा जताई गई है कि वीरेंद्र व सूरज सोनी पद की गरिमा और संघ के विकास के लिए अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

### स्वर्णकार संघ भदोही ने पदाधिकारियो को सौपा दायित्व

गोपीगंज, 14 मई **(देवव्रत संवाद)**। स्वर्णकार संघ भदोही ने संगठन के प्रति निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए गिराई निवासी वीरेंद्र सोनी को गोपीगंज का नगर अध्यक्ष तथा ज्ञानपुर रोड निवासी सूरज सोनी को महामंत्री नियुक्त किया है।नियुक्ति पत्र स्वर्णकार संघ भदोही के जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ (इलू) की ओर से जारी किया गया है। पत्र में आशा जताई गई है कि वीरेंद्र व सूरज सोनी पद की गरिमा और संघ के विकास के लिए अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

## आँधी-तूफान प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता–डीएम

**भदोही, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। झजनपद भदोही में 13 मई की सायंकाल आई तेज आँधी-तूफान एवं खराब मौसम के कारण जनजीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ। तहसीलों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार 14 मई 2026 की सायं 4:00 बजे तक जनपद में कुल 16 लोगों की दुःखद मृत्यु दर्ज की गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है तथा प्रशासनिक अधिकारियों को राहत एवं सहायता कार्यों में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

आज एनआईसी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों से आपदा राहत कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनहानि एवं क्षति के मामलों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आंधी-तूफान के बाद जनजीवन सामान्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन के आवागमन, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था बहाल करने के लिए संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने को कहा। प्रशासन राहत एवं पुनर्स्थापन कार्यों में लगातार जुटा हुआ है। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार तहसील ज्ञानपुर में 03, तहसील भदोही में 09 तथा तहसील औराई में 04 व्यक्तियों की जनहानि हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपये की अनुग्रह धनराशि प्रदान किए जाने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त जनपद में कुल 12 व्यक्ति घायल हुए हैं, जिनका उपचार विभिन्न चिकित्सालयों में चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

आँधी-तूफान के कारण पशुधन एवं आवासीय क्षति की घटनाएं भी सामने आई हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 28 पशुहानि हुई है। शासनादेश के तहत प्रभावित पशुपालकों को 4 हजार रुपये से लेकर 37 हजार 500 रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वहीं कुल 20 मकानों को क्षति पहुंची है, जिनके लिए शासन के प्रावधानों के अनुसार 4 हजार रुपये से लेकर 1 लाख 20 हजार रुपये तक की सहायता धनराशि प्रदान किए जाने की कार्यवाही जारी है।जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में तेजी लाई जाए तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी।

### गंगा में डूबा किशोर, तलाश जारी,दोस्तों संग नहाने गया था

मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। मिजार्पुर के जिगना थाना क्षेत्र के भिलगौर गांव में गुरुवार दोपहर गंगा नदी में स्नान करते समय एक किशोर डूब गया। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। डूबने वाले किशोर की पहचान मनिकठी गांव निवासी रमाशंकर उर्फ रमई कन्नौजिया के 14 वर्षीय बेटे कृष्णा उर्फ किशन के रूप में हुई है। कृष्णा अपने चार दोस्तों के साथ घर से करीब तीन किलोमीटर दूर भिलगौर घाट पर नहाने गया था। वह गांव के परिषदीय विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र था और अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। स्नान करते समय कृष्णा गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथियों ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन जब तक ग्रामीण घाट पर पहुंचते, कृष्णा आंखों से ओझल हो चुका था।किशोर के पिता की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल गोताखोरों को बुलाया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में गम का माहौल है। घटना के लगभग तीन घंटे बाद(राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम ने भी तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## भदोही में आंधी-तूफान का कहरः 15 लोगों की मौत



**भदोही, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। जनपद भदोही में बुधवार सायंकाल लगभग 5:30 बजे आए तेज आंधी-तूफान एवं खराब मौसम के कारण विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई दुःखद घटनाएं घटित हुईं। तेज हवा एवं आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, बिजली के खंभे मकानों एवं मंदिरों पर गिर पड़े, जिससे जनहानि एवं पशुहानि की घटनाएं सामने आई हैं। अब तक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार विभिन्न घटनाओं में कुल 15 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 08 लोग घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त 16 पशुओं की मृत्यु की सूचना भी प्राप्त हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीमों द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया। सभी प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान चलाकर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। गंभीर रूप से घायल 03 लोगों को बेहतर उपचार हेतु बीएचयू रेफर किया गया है, जहां उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## योग गुरु ज्वाला ने यौगिक साइंटिफिक करियर काउंसलिंग की



**मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। मिजार्पुर के भोजपुर पहाड़ी में योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने यौगिक साइंटिफिक करियर काउंसलिंग पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के आईक्यू स्तर, उनकी रुचि और भावनाओं को समझकर उन्हें सही दिशा कैसे दी जा सकती है।

राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु ज्वाला सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को संबोधित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि बच्चों की बुद्धिमत्ता , उनकी पसंद का क्षेत्र, उनकी भावनाएं और उनकी रुचि किसमें है, यह सब जानकर माता-पिता अपने बच्चों को सही मार्ग दिखा सकते हैं। उन्होंने बच्चों पर टीम वर्क करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला। योग गुरु ने टीम खङर के साथ भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यौगिक साइंटिफिक करियर काउंसलिंग के कार्यक्रम विभिन्न प्रदेशों में भी आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य लोगों को बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए बड़े आयोजनों की तैयारी करना है। कार्यक्रम के अंत में, खङर के संस्थापक डॉ. संदीप पांडेय ने अपनी पूरी टीम के साथ योग गुरु योगी ज्वाला सिंह को अंगवस्त्र और पौधे भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रंजना गुप्ता, दीप्ति यादव, अमित वर्मा, राजकुमार, इशिका, शिवानी यादव, अनीता, श्रीनाथ पाठक और सिम्मी संग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वीआईपी का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। मिजार्पुर के बथुआ रोड स्थित रामकृष्ण वाटिका में गुरुवार को विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मंत्री और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने भाजपा और निषाद राजनीति को लेकर कई बयान दिए। सम्मेलन के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में मुकेश साहनी ने कहा कि वह पिछले 11 वर्षों से उत्तर प्रदेश में निषाद समाज को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी संघर्ष के कारण भाजपा ने बिहार में उनके विधायकों को तोड़ लिया था। साहनी ने कहा, संजय निषाद हों या मुकेश साहनी, कोई भी नेता अपने दम पर नहीं बना है। हम सभी निषाद समाज के समर्थन से नेता बने हैं। उन्होंने बताया कि वह पहली बार वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश आए थे और 2021 में उन्होंने यहां अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाई। साहनी का आरोप है कि इसके बाद डॉ. संजय निषाद भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अब संजय निषाद की राजनीतिक हत्या की तैयारी कर रही है।

## सपा कार्यालय पर प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि, अखिलेश यादव के छोटे भाई को बताया अपूरणीय क्षति

मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। मिजार्पुर में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर बुधवार को एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पुत्र और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।शोकसभा में पार्टी जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मात्र 38 वर्ष की अल्पायु में प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन एक अपूरणीय क्षति है। देवी प्रसाद चौधरी ने प्रतीक यादव को एक सफल व्यवसायी के साथ-साथ विनम्र, मधुरभाषी और भावुक स्वभाव का व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनका असमय निधन केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए दुखद है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि प्रतीक यादव का व्यवहार सभी के प्रति आत्मीयता से भरा रहता था और उनका अचानक चले जाना सभी को लंबे समय तक सालता रहेगा।



इस शोकसभा में सुरेंद्र सिंह पटेल, आशीष यादव, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, अशोक सिंह मुन्ना, सलीम बादशाह, आकाश यादव, मेवा लाल प्रजापति, जगदीश्वर सिंह, रजत श्रीवास्तव, नागेंद्र तिवारी, रवि सोनकर, राम मिलन यादव सोनू, रविन्द्र यादव, अभय यादव, अरशद अली, मुलायम यादव, अयूब अली, दीना प्रजापति एवं अहमद नवाज सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां सीज

मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)।मिजार्पुर के चील्ह स्थित ग्राम पंचायत मुजेहरा कलां की प्रधान अनीता सिंह की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां तत्काल प्रभाव से सीज कर दी गई हैं। उन पर विभिन्न विकास कार्यों में अनियमितता के गंभीर आरोप थे। जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत यह कार्रवाई की है। इसके साथ ही, ग्राम पंचायत के सभी खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है।यह कार्रवाई ग्राम निवासी योगेश कुमार दूबे, सोहन सिंह उर्फ विनोद सिंह, उमेश सिंह, मोहन सिंह और महेन्द्र प्रताप सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा दिए गए शपथपत्रों के आधार पर की गई है।

## आंधी-बिजली गिरने से 17 की मौत

**मीरजापुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)**। मिजार्पुर में बुधवार शाम आई आंधी ने भारी तबाही मचाई है। 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले इस तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली के कारण जिले में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। विभिन्न हादसों में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ तूफान प्रभावित इलाकों में पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकानों, गिरे पेड़ों और प्रभावित परिवारों की स्थिति का आकलन किया। इसके बाद जिलाधिकारी मंडलीय अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान अविनाश कुमार भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पुष्टि की कि तेज तूफान, आकाशीय बिजली और पेड़ गिरने की घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव प्रशासनिक सहायता का आश्वासन दिया। डीएम पवन कुमार गंगवार ने घोषणा की कि जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी मरम्मत कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। तूफान के कारण जिले के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई। जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से आवागमन बाधित हो गया।

# आंधी व बारिश से हुई जनहानि पर प्रशासन संवेदनशील, मृतकों के परिजनों को तत्काल मिली सहायता राशि

## प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण कराते हुए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करायी जाये-जिलाधिकारी



सोनभद्र, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जनपद में बीते दिवस तेज आंधी एवं हल्की बारिश के दौरान हुई दुःखद घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय दिया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर राज्य आपदा मोचक निधि से मृतकों के परिजनों के खातों में 4-4 लाख रुपये की अहेतुक सहायता राशि भेजने की कार्यवाही युद्धस्तर पर पूर्ण करायी गयी।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया था कि आंधी व बारिश के कारण हुई जनहानि के मामलों में पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण कराते हुए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करायी जाये, ताकि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज आंधी बारिश की दुर्घटना में मृतक महेंद्र घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और कहा कि शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी ओबरा द्वारा मृतका कमलावती पत्नी रामनरेश चेरो निवासी ग्राम हर्रा, तहसील ओबरा के मामले में विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी। मृतका के पति का बैंक खाता पूर्व में न होने के कारण तत्काल बैंक खाता खुलवाकर सहायता राशि प्रेषित करने की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी।

आंधी एवं बारिश से मृत व्यक्तियों में महेन्द्र पुत्र कल्लू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम खड़ुई, परगना विजयगढ़, तहसील रॉबर्ट्सगंज, रामविलास पुत्र रामजनम उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम डोमरिया, विजयगढ़, तहसील रॉबर्ट्सगंज तथा कमलावती पत्नी रामनरेश चेरो उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हर्रा, तहसील ओबरा शामिल हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद प्रशासन द्वारा त्वरित गति से राहत सहायता उपलब्ध कराये जाने की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने हेतु पूरी कार्यवाही संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सम्पन्न करायी गयी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक



गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जनपद में संभावित बाढ़ एवं कटाव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों, कटाव निरोधक कार्यों की प्रगति तथा विभिन्न विभागों द्वारा बाढ़ अवधि में की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), जिला विकास अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, तथा जिलाधिकारी बैठक में वर्चुवल के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर द्वारा किया गया। उन्होंने जनपद में संचालित बाढ़ कटाव निरोधक परियोजनाओं, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों में चल रहे कार्यों तथा बाढ़ के दौरान विभागीय समन्वय के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालन विभाग को पशुओं हेतु आवश्यक दवाओं एवं टीकाकरण की तैयारी रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम को निर्देशित किया कि बाढ़ काल प्रारम्भ होने से पूर्व सभी कटाव निरोधक कार्य पूर्ण कराए जाएं तथा जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घंटे निगरानी एवं सूचना आदान-प्रदान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## तूफानी कहर एनटीपीसी प्लांट के बंधे से उड़ी सैकड़ों टन राख ने मचाया गदर

बीजपुर(सोनभद्र), 14 मई (देवव्रत संवाद)। बुधवार शाम प्रकृति ने ऐसा तूफानी कहर बरपाया कि एनटीपीसी रिहंद परियोजना के बंधे से उड़ी सैकडों टन राख ने डोडहर नेमना नकटू सिरसोती बीजपुर आदि कई पड़ोसी गाँवों में गदर मचा दिया।घरों मे घुसी राख की मोटी पर्त का पता तब चला जब घरों की साफ सफाई में लोग सुबह जुटे थे।बताया गया कि घरों के अंदर से झाड़ू पोछा करने के दौरान तीन से चार किलों राख हर बाहर निकाली गयी और घरों में पड़ा खाने पीने की सामग्री बिस्तर कपड़ा सब चैपट हो गया।इतना ही नही छतों पर राख के ढेर लगे हुए थे घण्टों साफ सफाई के दौरान पसीने से लथपथ परिजनों के चेहरे पर दुर्बयवस्था और राख निस्तारण की नीतियों और प्रबन्धन की दुर्बयवस्था को लेकर गुस्सा देखा गया। इस दौरान यूपीपीसीएल की बिजली आपूर्ति लगभग 100 गांवों में एक दो दिन के लिए बंद हो गयी।बताया गया कि कई जगह पेड़ और 33 केवीए के पोल जमीनदोज हो गए हैं जिसके कारण बीजपुर नधिरा बभनी कुंडाडीह उपकेंद्र से पोषित गाँवो में अंधेरा पसरा पड़ा है।

# एसपी सोनभद्र व एसओ रायपुर 19 मई को हाईकोर्ट में तलब

## कोर्ट ने एसपी सोनभद्र से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि भाइयों के बीच संपति बटवारे के विवाद में पुलिस ने इस तरह का हस्तक्षेप क्यों किया

सोनभद, 14 मई (देवव्रत संवाद)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व तरुण सक्सेना की अदालत ने सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव के पैतृक आवास के बटवारे से सम्बंधित मामले में सोनभद्र एसपी व रायपुर एसओ को 19 मई को हाईकोर्ट में तलब किया है। यह आदेश सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व उनके पुत्रों सुखपाल यादव व सत्यपाल यादव के जरिए दाखिल रिट याचिका पर 11 मई को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अपना स्वयं का हलफनामा दाखिल कर यह बताएं कि भाइयों के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित विवाद में पुलिस ने इस प्रकार हस्तक्षेप क्यों किया और पार्टियों को पुलिस स्टेशन क्यों लाया गया, जैसा कि कहा जा रहा है। पुलिस स्टेशन के उस समय के सीसीटीवी फुटेज, जब पुलिसकर्मी के याचिकाकताओं के हाथों घायल होने की बात कही गई है, कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। यह कार्य एक सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए।

अगली सुनवाई 19.05.2026 तक के लिए स्थगित की जाती है। इसे नए मामले के रूप में लिया जाएगा। सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक, याचिकाकताओं अर्थात हरि प्रसाद यादव, सुखपाल और सत्यपाल को थाना रायपुर, सोनभद्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 115(2), 121(1), 132, 221 के तहत दर्ज केस अपराध संख्या 58/2026 में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश की सूचना अगले 24 घंटों के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र और थाना अध्यक्ष, रायपुर, सोनभद्र को भेजें।

## सिंगरौली में देर रात बिजली दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

सिंगरौली, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचौर में देर रात एक बिजली दुकान में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।जानकारी के अनुसार ग्राम पचौर निवासी जयशंकर गुप्ता पिता मानिंदसागर गुप्ता की बिजली दुकान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। घटना देर रात की बताई जा रही है। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए।स्थानीय लोगों ने तत्काल आग लगने की सूचना प्रशासन और कंपनियों को दी।

## सिंगरौली विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने संभाला पदभार, विकास और विस्थापन पर दिया बड़ा संदेश



सिंगरौली, 14 मई (देवव्रत संवाद)। वीरेन्द्र गोयल ने गुरुवार को सिंगरौली विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह सिंगरौली विकास प्राधिकरण परिसर में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे। पदभार ग्रहण से पहले मोरवा शिव मंदिर से विशाल स्वागत यात्रा निकाली गई, जो जयंत तिराहा, नवानगर, माजन मोड़ और वैढ़न होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। पदभार ग्रहण के बाद वीरेंद्र गोयल ने विकास, विस्थापन और पर्यावरण को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिंगरौली विकास प्राधिकरण का क्षेत्र काफी सीमित है, जिसका विस्तार किया जाना जरूरी है। इसके लिए सीमाओं का अध्ययन कर नियमानुसार क्षेत्र बढ़ाने और इंदौर-भोपाल की तर्ज पर विकास कार्यों को गति देने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोरवा विस्थापन जिले का सबसे बड़ा मुद्दा है। हजारों परिवार अब तक स्थायी पुनर्वास का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को केवल प्लॉट नहीं, बल्कि तैयार मकान की आवश्यकता है, ताकि बुजुर्ग और जरूरतमंद परिवारों को परेशानी न हो। विस्थापितों के लिए सुनियोजित आवास व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाएगा।

वीरेंद्र गोयल ने कहा कि क्षेत्र में प्रदूषण कम करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने साफ हवा, शुद्ध पेयजल और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही। साथ ही अनाथ बच्चों के लिए शेल्टर होम और वृद्धाश्रम बनाने की दिशा में भी प्रयास करने की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें सांसद राजेश मिश्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, राज्य मंत्री राधा सिंह सहित कई विधायक और संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। वीरेंद्र गोयल गुरुवार सुबह मोरवा स्थित अपने आवास से ई-रिक्शा में सवार होकर बैढ़न जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। करीब 27 किलोमीटर लंबी यह यात्रा जयंत, अमलोरी, निगाही, नवानगर और माजन मोड़ होते हुए बैढ़न पहुंची। रास्तेभर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की। हालांकि सादगी का संदेश देने वाली इस ई-रिक्शा यात्रा के पीछे 200 से अधिक चार पहिया और दो पहिया वाहनों का लंबा काफिला भी चलता रहा। इसे लेकर शहर में चचाओं का दौर शुरू हो गया। लोगों ने सवाल उठाए कि जब प्रधानमंत्री नरे-?द्र मोदी लगातार वीआईपी संस्कृति और अनावश्यक लाव-लश्कर से बचने की अपील करते रहे हैं, तब इतनी बड़ी रैली क्या उस संदेश के विपरीत नहीं है।

## तीसरे दिन भी जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

सिंगरौली, 14 मई (देवव्रत संवाद)।नगर पालिक निगम सिंगरौली के 175 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों के काम बंद करने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। मुख्य सड़कों, बाजारों, चौराहों और गलियों में कचरे के ढेर लग गए हैं, जिससे लोगों को भारी गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारियों की मुख्य मांग नियमितीकरण और आवास सुविधा है। कर्मचारी संघ का कहना है कि वर्षों से नगर निगम में काम करने के बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया। संघ पदाधिकारियों ने सवाल उठाया कि जब जैसे नगर निगमों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जा चुका है, तो सिंगरौली के कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है।कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से केवल आश्वासन दिए जाते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

## पुरुषोत्तम मास में कनुवान गांव में माह पर्यन्त होगा महामंत्र का संकीर्तन

भांवरकोल/गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)।क्षेत्र के कनुवान गांव स्थित शिव मंदिर पर पवित्र पुरुषोत्तम मास में पूर्व की भांति इस वर्ष भी पूरे एक माह तक हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे, का आयोजन आगामी 17 मई (रविवार) से शुरू होगा, जिसका समापन 15 जून (सोमवार) को होगा। गांव में लगातार चौथी बार आयोजित हो रहे इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस संकीर्तन अनुष्ठान में गांव की संकीर्तन मंडलियों के अलावा पूरे क्षेत्र की विभिन्न संकीर्तन मंडलियां भी भाग लेंगी। इस आशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीभगवान पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु की भक्ति, जप, तप, दान-पुण्य एवं सत्संग के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में मलमास (अधिक मास या पुरुषोत्तम मास) 17 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक रहेगा। यह ज्येष्ठ अधिक मास के रूप में मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश एवं अन्य शुभ-मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। श्रद्धालु इस पूरे माह को भगवान की आराधना और धार्मिक अनुष्ठानों को समर्पित करते हैं।

आयोजन समिति एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संकीर्तन में सहभागिता करने तथा धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा एवं आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। पूरे माह गांव का वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहेगा।

## कोयला श्रमिक सभा कार्यालय में युवती ने लगाई फांसी, क्षेत्र में फैली सनसनी




शक्तिनगर/अममलोरी, 14 मई (देवव्रत संवाद)।एनसीएल की अमलोरी परियोजना क्षेत्र में स्थित एचएसएस कोयला श्रमिक सभा कार्यालय में एक युवती द्वारा फांसी लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

मृतका की पहचान मधु चौहान (28 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अविवाहित थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती का किसी से कोई विवाद नहीं था और परिवार में भी किसी प्रकार की परेशानी सामने नहीं आई थी। ऐसे में युवती द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के पीछे के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## सिंगरौली में सड़क सुरक्षा पर सख्ती: सार्वजनिक सड़कों पर नहीं खड़े होंगे भारी वाहन, ब्लैक स्पॉट होंगे चिन्हित




सिंगरौली, 14 मई (देवव्रत संवाद)।जिले में बढ़ती यातायात चुनौतियों और सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गौरव बोस ने की, जबकि Siyaz K M विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों और परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोयला परिवहन में लगे वाहन अक्सर सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कंपनियों को समय सीमा के भीतर वैकल्पिक पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व, पुलिस और नगर निगम अमले को समन्वय बनाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। वहीं खनिज विभाग को यह पता लगाने के लिए कहा गया कि किन कंपनियों के भारी वाहन सार्वजनिक सड़कों पर खड़े किए जा रहे हैं, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।बैठक में पुलिस विभाग ने जानकारी दी कि वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में सिंगरौली जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। रीवा संभाग में सड़क दुर्घटनाएं कम करने के मामले में सिंगरौली पहले स्थान पर रहा। वहीं सड़क हादसों में मृतकों की संख्या में 9.1 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 16.2 प्रतिशत की कमी आई है।आंकड़ों के अनुसार 1 नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक हुई दुर्घटनाओं में 149 लोगों की मौत हुई, जिनमें केवल 19 मौतें भारी वाहनों से हुईं। अधिकांश हादसे दोपहिया वाहनों और कार-दोपहिया टक्कर के कारण सामने आए। कलेक्टर ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने के निर्देश दिए और जनजागरूकता अभियान चलाने की बात कही। साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कंपनियों से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का ऑडिट कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा।बैठक में यह भी सामने आया कि कई हादसों की मुख्य वजह उचित पार्किंग व्यवस्था का अभाव और चालकों की लापरवाही रही है। इस पर कलेक्टर ने परिवहन कारोबारियों को वाहन चालकों की नियमित जांच और प्रमाणन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सड़क इंजीनियरिंग के आधार पर सुधार योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंपनियों को कोयला परिवहन अधिकतम कन्वेयर सिस्टम से कराने पर जोर दिया गया।

## पीएम स्वनिधि योजना के ऋण हेतु करें आवेदन

सोनभद, 14 मई (देवव्रत संवाद)। परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र के नगरीय क्षेत्र एवं सेन्सेस टाउन- बीजपुर, कोटा, जामशीला एवं खड़िया (विकास खण्ड म्योरपुर) में व्यवसायधोजगार करने वाले इच्छुक रेहड़ी, पटरी, फेरी एवं ठेला पर दुकान लगाने वालें अपने नगर निकाय से सम्पर्क करते हुए अथवा सहज जन सेवा केन्द्र से पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन पत्र भरवा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रथम ऋण की धनराशि में वृद्धि कर रूपया 15,000.00 कर दिया गया है साथ ही द्वितीय ऋण रूपया 25000.00 एवं तृतीय ऋण 50,000.00 रूपया 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी एवं डिजिटल लेन-देन कर रूपया 100.00 मासिक कैश बैक प्राप्त कर योजना का लाभ ले सकते है। अधिक से अधिक आवेदन करते हुए वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपना रोजगार अथवा व्यवसाय को बढ़ाते हुए आर्थिक एवं समाजिक रूप से सशक्त बनें।

## चमत्कारी स्वास्थ्य शिविर को लेकर लोगों में भारी उत्साह

दुद्धी (सोनभद्र), 14 मई (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र जिले के दुद्धी क्षेत्र में इन दिनों कंबल वाले बाबा (गणेश यादव) के कथित चमत्कारी स्वास्थ्य शिविर को लेकर लोगों में भारी उत्सुकता देखी जा रही है। क्षेत्र में आयोजित होने वाली इस विशेष शिविर में लकवा, पोलियो, शुगर और हड्डियों की गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने की उम्मीद में पहुँच रहे हैं। कंबल ओढ़ाकर और नसें दबाकर इलाज का दावा, शिविर में पहुँचने वाले मरीजों और उनके परिजनों का मानना है कि बाबा के पास एक दिव्य कंबल है, जिसे ओढ़ाने और हाथों से नसों व हड्डियों को दबाने से वर्षों पुरानी शारीरिक पीड़ा दूर हो जाती है। बाबा के समर्थकों का दावा है कि जन्म से मूक-बधिर और चलने-फिरने में असमर्थ लोग भी इस पद्धति से ठीक हो रहे हैं।

## हिंडाल्को सुरक्षा प्रबंधक के पुत्र का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगाम में चयन



रेणुकूट/सोनभद, 14 मई (देवव्रत संवाद)। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट में कार्यरत सुरक्षा विभाग में तैनात रहे प्रबंधक मेजर देवेंद्र ओंकार के पुत्र रोमल ओंकार ने कॉमन एंट्रेंस टेस्ट उत्तीर्ण कर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (त्डै), बेलगाम में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र एवं हिंडाल्को परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। रोमल ओंकार वर्तमान में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुकूट के छात्र हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने विद्यालय, हिंडाल्को परिवार तथा पूरे रेणुकूट क्षेत्र में हर्ष का वातावरण उत्पन्न कर दिया है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल देश के प्रतिष्ठित सैन्य शिक्षण संस्थानों में से एक माना जाता है, जहां प्रवेश अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के माध्यम से होता है। रोमल की इस उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत, माता पिता का अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। गौरतलब है कि रोमेल के पिता पूर्व सेना अधिकारी है एवम माता जी एक प्रतिष्ठित बैंक कर्मी हैं और सही दिशा प्रदान करने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही। इस अवसर पर हिंडाल्को प्रबंधन, विद्यालय परिवार एवं सहकर्मियों ने मेजर (सेनि.)देवेंद्र ओंकार एवं उनके पुत्र रोमल ओंकार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 340 पर कार पलटी, चालक बाल-बाल बचा

भांवरकोल/गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 340 (हैदरिया-फखनपुरा) के पास बुधवार देर रात एक महिंद्रा कार अनियंत्रित होकर पलट गई और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखनऊ के सरोजिनी नगर निवासी प्रांजल पांडेय कार से वाराणसी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मऊ के पास रास्ता भटक जाने के कारण वह गलत दिशा में निकल गए और हैदरिया क्षेत्र तक पहुंच गए। जैसे ही उनकी कार एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 340 के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

## सीबीएसई बोर्ड इंटरमिडिएट परीक्षा 2026 में छात्रा जागृति तिवारी ने 96 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टापर

गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। सीबीएसईबोर्ड द्वारा इण्टरमिडिएट परीक्षा परिणाम 2026 मे आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर मे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का परिणाम शानदार रहा।जागृति तिवारी पुत्री रामभज तिवारी ने पुरे स्कूल मे 96प्रतिशत लाकर पुरे स्कूल का मान बढ़ाया।वही निखत



जमाल पुत्री जमाल ने 77.60प्रतिशत,अंशु मोर्या पुत्री श्रीराम मोर्या ने 75प्रतिशत,अनुष्का राय पुत्री अमित कुमार राय 70.2प्रतिशत,प्रियंका कुशबाहा पुत्री दिनेश कुशबाहा 68प्रतिशत, प्रियाजली यादव पुत्री धर्मप्रकाश यादव65.4प्रतिशत,नवीन कुमार गुप्ता पुत्र रत्न कुमार गुप्ता 66प्रतिशत,कन्दर्प तिवारी 66.4प्रतिशत,शंशाक सिंह कुशबाहा पुत्र संजय सिंह कुशबाहा 64.60प्रतिशत प्राप्त किया।सभी सफल छात्र-छात्राओं को आर एस कान्वेंट स्कूल की तरफ से शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई।

## बकरी पालन के लिए सरकार देगी अनुदान, आवेदन प्रक्रिया शुरू

गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। डा0 अरविन्द कुमार शाही मुख्यपशुचिक्तिसाधिकारी गाजीपुर ने बताया कि बकरी पालन के क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन एवं पशुपालको की आर्थिक स्थिति में सुधार करने हेतु पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन की योजना (रा०यो०) (राज्यांश-90रू, लाभार्थी अंश-10रू) अनुदान संख्या-15 के अन्तर्गत 05 बकरी/01 बकरी की 10 यूनिट स्थापित की जानी है जिसकी प्रति इकाई लागत धनराशि में राज्यांश (90 प्रतिशत) रूपया 54000.00 तथा लाभार्थी अंश (10 प्रतिशत) रूपया 6000.00 है। प्रति इकाई कुल लागत रूपया 60000.00 है। आवेदन हेतु पात्रता हेतु लाभार्थी के चयन के समय यह सुनिश्चित किया जायेगा कि लाभार्थी 18 वर्ष से अधिक आयु के जनपद के निवासी समस्त वर्ग के जनसामान्य लाभार्थियों को चयन किया जोयगा जिसमें भूमिहीन महिला/पुरुष, विधवा निराश्रित महिला, बेरोजगार परिवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन प्रक्रिया में उपलब्धता अनुसार 03 प्रतिशत दिव्यांगजन को सम्मिलित किया जायेगा। भेड़ व बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र, इटावा एवं केन्द्रीय वकरी अनुसंधान संस्थान फराह, मखदुम, मथुरा या दुवासु मथुरा से बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त आवेदको को वरियता के अनुसार चयनित किया जायेगा। उपलब्धतानुसार विधवा निराश्रित महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। लाभार्थी चयन में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 20 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थी का चयन कर प्रतीक्षा सूची बनायी जायेगी। इच्छुक बकरी पालको द्वारा नजदीकी पशु चिकित्सालय एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय गाजीपुर में सम्पर्क कर दिनांक 14.06.2026 आवेदन कर सकते है। किया जा सकता है।

## पत्रकारिता दिवस पर सम्मानित होंगे कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार

गाजीपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)। देश में कार्यरत गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 30 मई को उन पत्रकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से पत्रकार हितार्थ, पत्रकारों की समस्याओं को अपने समाचार पत्र, न्यूज पोर्टल व चैनलों के माध्यम से उठाते रहे हैं। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डा. अनुराग सक्सेना ने बताया कि देश में मौजूदा हालात को देखते हुए निर्भीक पत्रकारिता करना जोखिम भरा काम है। आज पत्रकारिता एवं समाज के बीच आ रही सैकड़ों समस्याओं को समाज और शासन- सचिवालय, जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों तक पहुंचाने के लिए अपनी बेबाक कलम के माध्यम से जिन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा सहित आमजनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिए आवाजें बुलंद की है, वे सम्मान के पात्र हैं।

# नदियों के किनारे अधिक से अधिक कराएं पौक्षारोपण, नियमित करें मॉनिटरिंग-डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इस दौरान वृक्षारोपण अभियान-2026 तथा गंगा एवं अन्य नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिन विभागों ने अभी तक कार्य योजना तैयार कर उपलब्ध नहीं कराई है वे तत्काल कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से अभियान संचालित किया जा सके। उन्होंने वर्ष 2025 के वृक्षारोपण स्थलों का विभागवार पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025 के वृक्षारोपण स्थलों पर लगाए गए पौधों की समीक्षा की जाए तथा जहां मृत पौधे अथवा अन्य पौधे क्षतिग्रस्त अथवा नष्ट हो गए हैं। वहां नए पौधे लगाकर उनकी भरपाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नदियों के किनारों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि कटान को रोकने में भी सहायता मिलेगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिन विभागों को अधिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, वे अतिरिक्त प्रयास एवं गंभीरता के साथ लक्ष्य पूर्ण करें। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और उनकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसटीपी निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी ने भूमि चिन्हांकन के उपरांत शीघ्र एस्टीमेट तैयार कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त गंगा ग्रामों में समितियों का गठन कर उन्हें सक्रिय एवं क्रियाशील बनाने तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ पीके पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊ जिला कारागार में जल्द स्थापित होगी विधिक सहायता डेस्क-साक्षी सिंह

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी सिंह ने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को अब अपने मुकदमों की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला कारागार में जल्द ही विधिक सहायता डेस्क स्थापित कर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य मुलाकातियों और बंदियों के परिजनों को मुकदमों की प्रगति, जमानत की स्थिति और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं की सटीक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। दरअसल, जेल में मुलाकात करने आने वाले लोग, खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग जो कानूनी जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। उन्हें यह पता नहीं होता कि उनके परिजन का केस किस स्तर पर लंबित है, अगली तारीख कब नियत है या जमानत की प्रक्रिया में क्या प्रगति है। ऐसे में यह डेस्क उनके लिए काफी सहायक साबित होगी। विधिक सहायता डेस्क को वन स्टॉप सेंटर के बतौर विकसित किया जाएगा, जहां मुलाकातियों को न केवल परिजन के मुकदमों की जानकारी दी जाएगी, बल्कि उन्हें कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया जाएगा। और निःशुल्क अधिवक्ता दिलाने जाने की प्रक्रिया भी समझाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, वर्तमान समय में कैदियों से मुलाकात की सुविधा को और सरल बनाने के लिए ई-प्रिजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मुलाकात की व्यवस्था उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति पोर्टल पर जाकर बंदी का विवरण दर्ज कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन स्वीकृत होने के बाद निर्धारित तिथि एवं समय पर जेल में मुलाकात की जा सकती है। इससे अनावश्यक भीड़ कम होगी तथा मुलाकात प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनेगी।





प्रशिक्षित वालंटियर्स और अधिवक्ताओं की तैनाती डेस्क पर प्रशिक्षित पैरा लीगल वालंटियर्स की तैनाती रहेगी, जो सरल और सहज भाषा में मुलाकातियों को मार्गदर्शन देंगे। इसके अतिरिक्त, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता नियमित अंतराल पर जेल का दौरा करेंगे और बंदियों के मामलों की समीक्षा कर आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराएंगे। यह पहल न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गरीब, अशिक्षित और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को न्यायिक विधिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्ति में आसानी होगी और वे अपने परिजनों के मामलों को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। जेल प्रशासन के सहयोग से इस व्यवस्था को जल्द ही लागू की जाएगी।

## माटी कला पुरस्कार योजना हेतु आवेदन 25 मई तक

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उ० प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उ० प्र० माटीकला बोर्ड के सौजन्य से माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत माटीकला पुरस्कार योजना विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी माटीकला के नवाचार / परम्परागत कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मण्डल स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। माटीकला पुरस्कार हेतु मऊ का निवासी होना चाहिये, मण्डल स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हेतु प्रदर्शित किया जा रहा प्रदर्श/मॉडल तीन मास से अधिक पुराना नही होना चाहीये, सम्बन्धित मॉडल प्रतिभागी द्वारा स्वंय बनाया या हो ऐसे अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन फार्म के लिये विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाईन पंजीकरण कर फार्म इस कार्यालय को प्राप्त करा सकते है, आवेदनकर्ता माटीकला का परम्परागत कारीगर एवं वर्तमान में कार्य कर रहे हो आवेदन की अन्तिम 25 मई 2026 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय संगीत पैलेस निजामुदीनपुरा एवं मो० नं0 7408410764, 7905331603 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## चैनल गेट का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए लाखों का जेवरात

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के खंतिया गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक सूने घर से लाखों का सामान चोरी कर ले गए।घटना के समय घर का गृहस्वामी एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बलिया जिले गया था, जबकि उसकी पत्नी भैंस चोरी के डर से बाहर सोई थी।बुधवार की देर रात ही गृहस्वामी के घर पर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

खंतिया निवासी रामवृक्ष पटेल पुत्र रामनाथ पटेल ने बताया कि बुधवार की शाम एक बारात में शामिल होने बलिया गए हुए थे। घर के बाहर भैंस चोरी होने के डर से उनकी पत्नी राधिका देवी चारपाई लगाकर सो रही थीं। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर मुख्य चैनल गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए और पूरे घर को खंगाल डाला।पीड़ित ने बताया कि चोरों ने घर के दो कमरों में रखे पांच बक्सों के ताले तोड़ दिए और उसमें रखे कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। रात करीब 12 बजे जब रामवृक्ष पटेल बारात से वापस लौटे तो घर का चैनल गेट टूटा मिला। शक होने पर उन्होंने पत्नी को जगाया और अंदर पहुंचे तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे अस्त-व्यस्त पड़े थे और बक्सों के ताले टूटे हुए थे।पीड़ित के मुताबिक चोर करीब 20 हजार रुपये नगद तथा लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में दो मंगलसूत्र, सिकड़ी, हँसुली, नथिया, मांगटीका, करधन, अंगूठी, बाली समेत कई कीमती आभूषण शामिल हैं।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दोहरीघाट थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश में जुटी है।इस बाबत घोसी क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## अपात्र पेंशनरों के नाम हटाने और पात्रों को जोड़ने के दिए निर्देश

**बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)।**जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को विकास भवन सभागार में समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं प्रोबेशन/महिला कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने योजनाओं की प्रगति धीमी मिलने और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कर सभी पेंशनरों का सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो लाभार्थी अपात्र हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनका नाम सूची से हटाया जाए तथा जो पात्र व्यक्ति अब तक योजना से वंचित हैं, उन्हें तत्काल लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग के प्रधान लिपिक संजय राय, कनिष्ठ लिपिक विकास पाठक समेत कुल सात कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी ग्राम पंचायतों में सत्यापन कार्य पूरा होना चाहिए और इसकी दैनिक प्रगति रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए गए। अभ्युदय योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नए सत्र में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा कि विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं की प्रगति बेहतर होनी चाहिए। वहीं जिला प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग की कन्या सुमंगला योजना में कम लाभार्थी पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण और लाभकारी योजना है, इसलिए अधिक से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाया जाए। साथ ही यह भी जांच करने के निर्देश दिए कि किन ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों से आवेदन नहीं आए हैं, ताकि वहां विशेष अभियान चलाया जा सके। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चकबंदी विभाग के कारनामे से परेशान महिला ने न्याय के लिए जिलाधिकारी से लगाई गुहार

बिल्थरारोड **बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)।** क्षेत्र के पिपरौली बड़ागांव में चल रहे चकबंदी प्रक्रिया के दौरान चकबंदी विभाग के तहसील कर्मचारियों द्वारा एकसार मौजे में एक महिला और उनके पुत्र के बैनामे की जमीन को अनुसूचित आबादी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला काश्तकार ने जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाते हुए आवश्यक कारवाई की मांग किया है।जिसके सम्बन्ध में अभी मामला डीडीसी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद भी जनप्रतिनिधि के दबाव में चकबंदी विभाग के लेखपाल और सीओ दोनों पीड़िता के जमीन का नापी कराने में लगे हुए है।

## जिला जज ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह काका की अपील किया खारिज, सीजेएम के निर्णय की पुष्टि

सीजेएम ने 24 दिसंबर 25 को धमकी के मामले में सुनाया था छह माह की सजा के साथ 10 हजार रुपए अर्थदंड का निर्णय

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार यादव ने बीज अनुसंधान निदेशालय कुशमौर के प्रशासनिक अधिकारी को धमकी देने के मामले में हुई सजा के विरुद्ध पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह काका की ओर से दाखिल अपील को खारिज कर दिया। साथ ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह के 24 दिसंबर 25 के निर्णय की पुष्टि कर दिया। जिला जज ने यह निर्णय बचाव पक्ष और एडीजीसी फौजदारी धीरेंद्र प्रताप सिंह के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली का अवलोकन करने के बाद पारित किया।

बता दे कि सीजेएम ने परदहां ब्लॉक के पूर्व प्रमुख रमेश सिंह को बीज अनुसंधान निदेशालय कुशमौर के प्रशासनिक अधिकारी को धमकी देने के मामले में उन्हें दोषी पाते हुए 6 माह की सजा के साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया था। जिसके विरुद्ध रमेश सिंह काका की ओर से अपील दाखिल कर सजा को निरस्त करने का अनुरोध किया था। मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र के कुशमौर का है।

अभियोजन के अनुसार बीज अनुसंधान निदेशालय कुशमौर के प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार सिंह की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप था कि 6 अक्तूबर 2009 की रात्रि में आरोपीगण रमेश सिंह काका, महेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, राजीव कुमार सिंह और गोपाल दूबे तथा अन्य उनके आवास पर आकर संविदा कर्मचारियों के ठेके में कमीशन की मांग करने लगे। मना करने पर धमकी दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

सीजेएम ने दोनों पक्षों के तकों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपीगण रमेश सिंह काका, महेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, राजीव कुमार सिंह और गोपाल दूबे को धमकी देने का दोषी पाते हुए सजा सुनाया था।

### गैर इरादतन हत्या मे 3 अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के मार्गदर्शन में थाना रानीपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पूर्वांचल एक्स प्रेसवें इटौरा अण्डर पास के पास घेरा बंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया । पूछताछ में खुलासा हुआ कि 10 मई की रात्रि में खिरियां ग्राम निवासी पंकज कुमार के साथ विवाद और मारपीट हुई थी। इस हिंसक झड़प में पंकज कुमार गंम्भीर रुप से घायल हो गया था और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना रानीपुर मे अभियोग पंजीकृत हुआ। गिरफ्तार आरोपी आनन्द चौहान पुत्र अमेरिका चौहान निवासी बस्ती, योगेश चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी बस्ती और अंकित चौहान पुत्र हरेन्द्र चौहान निवासी बस्ती थाना रानीपुर के है।

## गांव मे दो युवकों की मार पीट से इलाके में तनाव

रसड़ा,बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। तहसील क्षेत्र के चितबड़ागांव थाना अन्तर्गत नगपुरा गांव में दो युवको के बीच हुई मारपीट के बाद क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी युवक को हिरासत में लेने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और इंस्पेक्टर की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।नगपुरा गांव में दो युवको के बीच हुई मारपीट के दौरान आरोपी युवक मंटू को ग्रामीणों द्वारा दौड़ाए जाने पर घर में छिप गया। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उसकी पिटाई करने के लिए उतावले हो उठे। स्थिति बिगड़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझा-बुझाकर कानून अपने हाथ में न लेने की हिदायत दी।पुलिस जब घर मे छुपा युवक मंटू को हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाने लगी, तो भीड़ उग्र हो गई। पुलिस की गाड़ी को ही लाठी डंडे ईट पत्थर लेकर दौडा लिए जमकर पत्थरबाजी कर दी। पथराव में दो पुलिसकर्मी चोटिल हो गए, जबकि इंस्पेक्टर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।ग्रामीणों की मांग थी कि धर्मेंद्र कुमार की पिटाई करने वाले मंटू को भीड़ के हवाले कर दिया जाए, ताकि वे स्वयं उसकी पिटाई कर सकें। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ महिला, पुरुष और लड़के भी उग्र हो गये और बार बार आरोपी को उनके हवाले करने की जिद पर अड़े रहे।

### बलिया में जिला जेल निर्माण की तैयारी तेज

बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। जिले में प्रस्तावित जिला जेल के निर्माण को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर भूमि क्रय एवं अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 20 मई 2026 तक जिला जेल के लिए प्रस्तावित भूमि का चिन्हांकन, पैमाइश तथा किसानों से सहमति पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए।

## अधिकारी समय से कार्यालय मे हो उपस्थित, जनसुनवाई के दौरान बेहतर सुविधा देते हुए आमजनों से करें अच्छा व्यवहार - जिलाधिकारी

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में ग्राम विकास, पंचायती राज, वन एवं पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं शासन की प्राथमिकताओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी श्रमिकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराए जाने के निर्देश दिए। सोशल ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु जांच टीमों में एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला स्तर से भी टीम गठित कर रैंडम जांच कराने को कहा गया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को अधिक से अधिक गांवों को ओडीएफ बनाने के साथ-साथ ओडीएफ प्लस गांव विकसित करने हेतु विशेष प्रयास करने तथा इसके लिए ग्राम प्रधानों को प्रेरित करने को कहा।

सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद की कुल 343 इकाइयों में मात्र 60 इकाइयां ही क्रियाशील हैं, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक कम से कम 200 सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों को क्रियाशील किया जाए।

बैठक में सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने केयरटेकरों का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने तथा सभी सामुदायिक शौचालयों को पूर्ण रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर पंचायत भवनों की सूची तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने तथा उत्सव भवनों के निर्माण हेतु जिन विधानसभाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है, उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने तथा प्रत्येक ब्लॉक मॉडर्न सीएलएफ विकसित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बृहद गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष ध्यान देने, शासन की प्राथमिकताओं, रैंकिंग निर्धारित करने वाले बिंदुओं एवं समीक्षा बिंदुओं पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग, कार्यालयों में समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा जनसुनवाई के दौरान शिकायतकताओं के साथ संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार करने पर विशेष बल दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों जारी, हड़ताल समाप्त वृहस्पतिवार सेशुरू होगी सफाई



रसड़ा,बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। कर्मचारियो नपा अधिशासी अधिकारी से देर साय वार्ता में इओ ने 20 दिन का समय लिया जिसे वार्ता के अनुसार कल गुरूवार 14मई से न पा रसड़ा का सफाई कार्य शुरू करेगे जिसे सफाई कर्मी हड़ताल समाप्त कर सफाई कार्य करने के लिए लौट गये। विदित हो कि नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे (बेमियादी) अनिश्चितकालीन हड़ताल बुद्धवार को तीसरे दिन भी जारी रहा है।सफाई कर्मचारियों नगर कें मोहल्ला व प्रमुख मार्ग बस स्टेशन बलिया लखनऊ राजधानी मार्ग रेलवे स्टेशन प्यारेलाल चौराहा होते होकर नपा कार्यालय पर जाकर प्रर्दशन में प्रणित होकर अपने मांगो को बुलंद कर रहे थे हड़ताल के चलते नगर के25 वार्डो के गली मोहल्ला मुख्य मार्ग पर लगे कूड़ा कच्चरे के ढेर अंबार से फैला हुआ कूड़ा से नगर की स्थिति बदतर व नारकीय हो कर रह गया है जिससे लगे कूड़ा कच्चरे के सड़ने उसके दुर्गन्ध से मच्छरो की बढोतरी व संक्रमण फैलने की संभावना बनी हुई है। पूछे जाने सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाशंकर रावत ने किया ई ओ साहब से वार्ता चल रही है।वार्ता मे 20 दिनो नगर पालिका प्रशासन ने समय लिया जिसपर सफाई कर्मी मान गये और 14 से सफाई शुरू करगे

## बांसडीह रोडः पुलिस ने 2.86 लाख के 23 गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

बांसडीहरोड, बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी अभियान में थाना बांसडीह रोड पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उएक्क्रपोर्टल व सर्विलांस की मदद से कुल 23 मोबाइल फोन बरामद कर बुधवार को उनके मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 2,86,577 रुपये है। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल व सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। थाना क्षेत्र व अन्य इलाकों में गुम हुए मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस उएक्क्रपोर्टल पर लगातार ट्रैकिंग कर रही थी। 13 मई को टीम ने कंपनियों के 23 मोबाइल बरामद किए। मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बांसडीह रोड पुलिस टीम की सराहना कर धन्यवाद दिया। बरामदगी टीम,थानाध्यक्ष वंश बहादुर सिंह, उ0नि0 संदीप कुमार, स0उ0नि0 वीरकर व आरक्षी सौरभ सिंह शामिल रहे।

## फेफनाः पुलिस ने 14 हजार का गुम मोबाइल बरामद कर मालिक को लौटाया

फेफना,बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। थाना फेफना पुलिस ने उएक्क्र पोर्टल की मदद से गुम हुआ एक मोबाइल फोन बरामद कर बुधवार को उसके मालिक को सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइल की कीमत करीब 14 हजार रुपये है। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर चल रहे अभियान में एएसपी दक्षिणी संजय वर्मा व सीओ सदर राकेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कार्रवाई हुई। अलग-अलग स्थानों पर खोए मोबाइल की गुमशुदगी उएक्क्रपोर्टल पर दर्ज थी। थाना फेफना पुलिस, सर्विलांस सेल व साइबर हेल्प डेस्क की मदद से लगातार ट्रैकिंग कर रही थी। 13 मई को थाना क्षेत्र से 1 मोबाइल बरामद हुआ। मोबाइल पाकर स्वामी ने फेफना पुलिस टीम की सराहना की और धन्यवाद दिया। बरामदगी टीम,में उ0नि0 गनेश पाण्डेय व का0 अश्वनी कुमार मिश्रा शामिल रहे।

## हत्या के प्रयास में वांछित 33 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

रसड़ा,बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। थाना रसड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल व सीओ रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। वादिनी ने थाना रसड़ा में तहरीर दी थी कि पुरानी रंजिश में आरोपी ने धारदार हथियार से हमला किया। हमले में बेटे ओमप्रकाश के सिर पर गंभीर चोट आई और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। केस में मु0अ0सं0 153/26 धारा 191(2), 115(2), 333, 125, 118(1), 109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। 13 मई को उ0नि0 आकाश कुमार ने हमराह का0 धीरेन्द्र कुमार, का0 श्याम नारायण चौधरी व रि0का0 रवि शंकर गुप्ता के साथ मुखबिर की सूचना पर वांछित सुनील पुत्र सदानंद राजभर उर्फ सादा 33 वर्ष निवासी फिरोजपुर को प्रधानपुर चट्टी के पास से गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

## नगर मे चल रही है 50 लाख की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां बिना नम्बर प्लेट की

रसड़ा,बलिया,13मई,(देवव्रत संवाद)। नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रदेश शासन की पहल पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का व्यापक अभियान लगभग छः माहिने पहले 2025 में शुरू कर दिया गया । इस दिशा में आदर्श नगर पालिका रसड़ा द्वारा 50 लाख की लागत से खरीदी गईं 8 टेम्पू गाडियों को इस स्वच्छता अभियान में गली मोहल्ले का कूड़ा ढोने के लिए अभियान में लगाया गया है जिसका शुभारंभ चेयरमैन विनयशंकर जायसवाल अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य के साथ नगर पालिका के परिषद कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर सभी गाड़ियों को एक साथ रवाना किया। तभी से सभी गाड़ियां बगैर रजिस्ट्रेशन नगर के विभिन्न मुहल्लों में परिक्रमा कर लोगों को अपने कूड़ों का संग्रह कर गाड़ियों के माध्यम से नागरिकों इस अभियान के बारे में जागरूक भी किया। नगर में इन गाड़ियों के न रहने के कारण इस कार्य में प्रगति नहीं हो पा रही थी। इन गाड़ियों के आ जाने से कूड़ा संग्रहण किए जाने का कार्य शुलभ हो गया। मगर इन गाड़ियों का रईसी छः महीने से बिना नम्बर के नगर में दौड़ लगा रही इस संबंध गाड़ियों को बगैर रजिस्ट्रेशन रवाना तो कर दिया गया मगर आज भी बगैर नम्बर प्लेट लगें हुए नगर में दौड़ लगा रही है। इस खबर पर सम्बंधित ईओ सुरेश कुमार मौर्या को दो हफ्ते पहले ध्यान आकृष्ट कराया गया इन गाड़ियों पर नम्बर प्लेट नहीं दिखाई पड़ा।



## हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में मिलेगी छूट

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। सहायक आयुक्त, उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित कर हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उ०प्र० सरकार द्वारा हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत 328.00 प्रतिमाह के अनुसार रू0 3936/-वार्षिक अनुदान उ०प्र० सरकार द्वारा दिया जा रहा है। यह योजना 02 किलोवाट भार तक के विद्युत कनेक्शन पर लागू है। वर्तमान में अनुदान की धनराशि रू0 1968.00 की दर से दो छमाही किश्तों में डी०बी०टी० के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में अंतिरित की जाती है। उन्होंने बताया कि सभी हथकरघा बुनकर विभागीय वेबपोर्टल पर तत्काल आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन आनलाईन करने हेतु आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, विद्युत कनेक्शन पासबुक एवं बुनकर प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है।

## सफाई बरतने से स्वच्छ रहता है माहौल व जीवन शैली भी बनी रहती है आकर्षक

मऊ, 14 मई (देवव्रत संवाद)। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से पालिका कर्मियों द्वारा नगरवासियों को स्वच्छता बरतने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ताकि सफाई के मूल को जीवन का महत्वपूर्ण अंश बनाया जा सके। इसके लिये पालिका अम्ला लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। इस अभियान के तहत पालिका अम्ला समस्त नगरवासियों जिनमें बच्चे, बड़े, आम जन, बुद्धिजीवी, महिला एवं पूरूष सभी शामिल हैं के योदान को सुनिश्चित करने-कराने के लिये डोर-टू-डोर जा कर उन्हें प्रेरित कर रहा है। उनसे सम्बन्धित वार्डों की साफ-सफाई के संदर्भ में भी जानकारी ली जा रही है। यह बातें सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश ने बतायी हैं।

# राशन घोटाले का पर्दाफाश, ट्रक से 7.50 कुंतल गेहूं गायब, कोटेदार सहित चार के खिलाफ FIR दर्ज

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण को लेकर जिले में बड़ी अनियमितता सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बिलरियागंज विकास खण्ड क्षेत्र में जांच के दौरान ट्रक से निर्धारित मात्रा से 7.50 कुंतल गेहूं कम मिलने तथा उचित दर विक्रेता की दुकान से भारी मात्रा में खाद्यान्न गायब पाए जाने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सगड़ी अंतर्गत बिलरियागंज विकास खण्ड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न परिवहन की जांच की जा रही थी। इसी दौरान सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदार भीमसेन यादव परिवहन एवं हैंडलिंग ठेकेदार, 301 सिविल लाइन्स आजमगढ़ से संबंधित ट्रक संख्या यूपी 93 टी 4551 को दुल्लहपार अंडरपास के पास रोककर जांच की गई। मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी सगड़ी तथा संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मौजूद रहे। जांच में पाया गया कि ट्रक में एफसीआई चकवल से कुल नौ उचित दर विक्रेताओं के लिए गेहूं लोड किया गया था। इनमें से सात विक्रेताओं के यहां खाद्यान्न उतारा जा चुका था जबकि दो विक्रेताओं का खाद्यान्न उतरना बाकी था। अभिलेखों के अनुसार ट्रक में उस समय लगभग 36 कुंतल यानी 72 बोरी गेहूं होना चाहिए था, लेकिन निरीक्षण के दौरान ट्रक में केवल 28.50 कुंतल यानी 57 बोरी गेहूं ही मिला। इस





प्रकार ट्रक में 7.50 कुंतल गेहूं कम पाया गया।

मामले को गंभीर मानते हुए पूर्ति निरीक्षक बिलरियागंज की तहरीर पर जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद थाना कंधरापुर में परिवहन एवं हैंडलिंग ठेकेदार भीमसेन यादव, उनके प्रतिनिधि मनबोध यादव तथा ट्रक चालक अनिल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। जांच के दौरान ट्रक में लदे खाद्यान्न को उचित दर विक्रेता योगेश कुमार, ग्राम पंचायत मिरिया रेहड़ा की दुकान पर उतरवाने के लिए मनरेगा अन्नपूर्णा भवन लाया गया। अधिकारियों ने जब विक्रेता से दुकान खुलवाई तो वहां का दृश्य देखकर सभी हैरान रह गए। अधिकारियों के अनुसार 13 मई 2026 की शाम 6.30 बजे तक दुकान में अवशेष स्टॉक और जून 2026 के उठान सहित कुल 6.38 कुंतल गेहूं तथा 87.81 कुंतल चावल मौजूद होना चाहिए था। लेकिन मौके पर केवल छह बोरी चावल यानी लगभग तीन कुंतल तथा दो बोरी गेहूं यानी लगभग एक कुंतल ही पाया गया। इस प्रकार दुकान में 84.81 कुंतल चावल और 5.38 कुंतल गेहूं कम मिला। कुल मिलाकर 90.19 कुंतल खाद्यान्न गायब पाया गया, जिसे अधिकारियों ने गंभीर अनियमितता माना है। जांच में यह मामला उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण) आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी के अनुमोदन पर उचित दर विक्रेता योगेश कुमार के विरुद्ध भी थाना कंधरापुर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार और खाद्यान्न की हेराफेरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना चला रही है, लेकिन बीच रास्ते में खाद्यान्न की हेराफेरी से पात्र लाभार्थियों का हक प्रभावित हो रहा है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# निलंबित सहायक उद्यान निरीक्षक गिरफ्तार

## ❑ गबन, अवैध कब्जा और कर्मचारियों को धमकाने के आरोप में दर्ज हुई थी FIR

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** जिले के राजकीय पौधशाला कोटवा में तैनात निलंबित सहायक उद्यान निरीक्षक भोला प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ सरकारी धन के गबन, सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा, कर्मचारियों को धमकाने तथा वित्तीय अनियमितता जैसे गंभीर आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले के सामने आने के बाद उद्यान विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार उप निदेशक उद्यान जय करण सिंह की तहरीर पर रानी की सराय थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। आरोप लगाया गया कि निलंबित सहायक उद्यान निरीक्षक भोला प्रजापति ने राजकीय पौधशाला कोटवा स्थित आयुष भंडार कक्ष और अतिथि कक्ष पर अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायत में कहा गया है कि सरकारी पौधों की बिक्री से प्राप्त धनराशि को सरकारी खाते में जमा करने के बजाय निजी खाते में जमा किया गया। इसके अलावा सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता के भी आरोप लगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार भोला प्रजापति को निलंबित किए जाने के बाद जौनपुर संबद्ध कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद वह पौधशाला परिसर में ही रह रहे थे। आरोप है कि वह कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते थे तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते थे। शिकायत में महिला



दैनिक श्रमिकों के साथ अभद्र टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया गया है। इससे कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी ने बताया कि रानी की सराय थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर सहायक उद्यान निरीक्षक भोला प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद उद्यान विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन और संपत्ति के दुरुपयोग के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर नायब तहसीलदार समेत संग्रह कर्मियों से मांगा जवाब

**फूलपुर, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** तहसील फूलपुर में राजस्व वसूली कार्य में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उप जिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार ने नायब तहसीलदारों सहित संबंधित संग्रह कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। कार्यालय जिलाधिकारी आजमगढ़ से जारी पत्र संख्या 110(3)/संग्रह दिनांक 13 मई 2026 के आधार पर तहसील स्तर पर राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा में अप्रैल 2026 तक विभिन्न मदों में वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाई गई, जिस पर प्रशासन ने नाराजगी जताई है। रिपोर्ट के अनुसार विद्युत देय में 25.73 लाख रुपये, मोटर देय में 2.27 लाख रुपये तथा रायल्टी देय में 1.09 लाख रुपये की वसूली गत वर्ष की तुलना में कम दर्ज की गई। इसके अलावा भू-राजस्व, स्टाम्प, राज्य कर तथा रायल्टी कर की वसूली भी निर्धारित मानक से नीचे पाई गई। सबसे गंभीर स्थिति मोटर एवं आबकारी देय में रही, जहां कोई वसूली नहीं होने पर प्रशासन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। एसडीएम अशोक कुमार द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि राजस्व वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी और कर्मचारी कार्य के प्रति अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं। कई बार निर्देश दिए जाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते जवाब तलब किया गया है।

# भारद ने किया सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर कार्रवाई की मांग

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों द्वारा निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में प्रैक्टिस किए जाने के विरोध में गुरुवार को भारत रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार आवाज उठाई। संगठन के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपर निदेशक चिकित्सा मंडल आजमगढ़ को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिले के कई सरकारी डॉक्टर नियमों को ताक पर रखकर निजी अस्पतालों और स्वयं के क्लीनिकों में खुलेआम प्रैक्टिस कर रहे हैं। इससे सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और गरीब मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सरकारी अस्पतालों से मरीजों को दलालों के माध्यम से निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है, जहां उनसे भारी शुल्क वसूला जाता है। इससे मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त सुविधा होने




के बावजूद मरीजों को निजी संस्थानों की ओर मोड़ा जा रहा है। भारत रक्षा दल के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश ने कहा कि कुछ माह पूर्व माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर चिकित्सा सचिव द्वारा जिला प्रशासन को निर्देश जारी किया गया था कि सरकारी डॉक्टरों से प्राइवेट प्रैक्टिस न करने संबंधी शपथ पत्र लिया जाए। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई डॉक्टर शपथ पत्र देने के बाद भी नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रवि प्रकाश ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन शुरू करेगा और न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होगा। ज्ञापन के दौरान अपर निदेशक चिकित्सा ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धर्मवीर शर्मा, राजन अस्थाना, जैनेंद्र चौहान, हिमांशु सिंह, चंद्रप्रकाश मौर्य सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# IAS बनकर देशभर में जनपद का नाम रोशन करना चाहता है आयुष

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जिले में मेधावी छात्रों की सफलता की चर्चाएं तेज हैं। इसी क्रम में रानी की सराय क्षेत्र निवासी आयुष वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। छात्र की सफलता से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रानी की सराय निवासी हरिशंकर सेठ के पुत्र आयुष वर्मा ने चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन करते हुए इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी आयुष ने बेहतरीन अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। शिक्षकों और सहपाठियों ने आयुष को मिठाई खिलाकर बधाई दी। परिवार के लोगों ने भी उसकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। आयुष वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रिंसिपल सपना सिंह, अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार



और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा लगातार मेहनत की बदौलत यह सफलता हासिल हुई है। आयुष ने बताया कि उसका सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर आईएएस अधिकारी बनने का है। वह देश सेवा के साथ-साथ आजमगढ़ का नाम पूरे देश में रोशन करना चाहता है। उसने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने आयुष की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने भी आयुष को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के भोजन की नियमित जांच करें-डीएम

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और आम लोगों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, हॉस्टलों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी अस्पतालों में परोसे जाने वाले भोजन की नियमित जांच की जाए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना, कस्तूरबा विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों और जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी संस्थानों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा भोजन तैयार करने और परोसने में साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को लगातार फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ठेला, रेहड़ी और पटरी पर खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को जागरूक किया जाए ताकि फूड प्वाइजनिंग जैसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि खाद्य प्रतिष्ठानों का



नियमित निरीक्षण किया जाए और खराब छवि वाले प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही आगामी दीपावली पर्व से पहले मिलावट करने वाले कारोबारियों के मामलों का न्यायालयों में शीघ्र निस्तारण कराकर दोषियों को दंडित कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने लाइसेंस और पंजीकरण के लक्ष्य प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन अधिकारियों से कहा कि खाद्य सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि सरकारी अस्पतालों के आसपास संचालित मेडिकल स्टोरों की जांच की जाए। साथ ही ऐसे डॉक्टरों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए जो सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। उन्होंने नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित और सघन निरीक्षण करने तथा नियमों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में अभिहित अधिकारी सुशील कुमार मिश्र ने विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कुल 703 नमूने संग्रहित किए गए। जांच में गुणवत्तापरक नमूना संकलन के कारण 62 प्रतिशत नमूने फेल पाए गए। उन्होंने बताया कि मिलावट करने वाले 338 खाद्य कारोबारियों पर कुल 61 लाख 46 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा तीन खाद्य कारोबारियों को न्यायालय द्वारा कारावास और 11 हजार रुपये के जुर्माने की सजा भी दिलाई गई। अभिहित अधिकारी ने बताया कि 'ईट राइट इंडिया इनिशिएटिव' के तहत 89 कारोबारियों को तीन से पांच स्टार हाईजीन रेटिंग दिलाई गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में 18 प्रतिष्ठानों को हाईजीन रेटिंग प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा ने भी विभागीय कार्रवाई की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य, उपायुक्त राज्य कर जीएसटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, दुग्ध विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यापार मंडल तथा औषधि संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिजवां की बेटी श्वेता ने झारखंड की चर्चित फिल्म 'सेरेंग' में अभिनय से मन मोहा

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** जिले के फूलपुर तहसील क्षेत्र स्थित मिजवां गांव की बेटी श्वेता प्रजापति इन दिनों अपनी अभिनय प्रतिभा को लेकर चर्चा में हैं। झारखंड में बनी बहुभाषीय फिल्म 'सेरेंग' में उनके दमदार अभिनय की दर्शकों द्वारा खूब सराहना की जा रही है। 8 मई से सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही यह फिल्म झारखंड की अब तक की बड़े स्तर पर रिलीज हुई फिल्मों में शामिल मानी जा रही है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्वेता प्रजापति की भूमिका खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उनकी अभिनय क्षमता और भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया है। मिजवां गांव निवासी श्वेता प्रजापति ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर अभिनय की दुनिया में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री 'इंदं ग्रुप के सानिध्य में अभिनय की बारीकियां सीखीं। बताया जाता है कि शबाना आज़मी के मार्गदर्शन और श्वेता की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि आज वह बड़े पर्दे पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। श्वेता प्रजापति के पिता राजेंद्र प्रजापति और माता शीला देवी ने बेटी की सफलता पर खुशी जताई है। परिवार का कहना है कि श्वेता बचपन से ही कला और अभिनय के प्रति समर्पित रही हैं। श्वेता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कैफी आज़मी कन्या इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट तक पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई जाकर थिएटर में ग्रेजुएशन किया और अभिनय को अपने करियर के रूप में चुना।



फिल्म 'सेरेंग' का निर्देशन एनपीके पुरुषोत्तम ने किया है। फिल्म में श्वेता प्रजापति के साथ नितेश कच्छप और विवेक नायक भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी और कलाकारों के अभिनय को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म देखने पहुंचीं झारखंड की कृषि मंत्री छमीं ज्पतामल ने भी श्वेता प्रजापति के अभिनय की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्वेता की सफलता से मिजवां गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि श्वेता ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर न सिर्फ गांव बल्कि पूरे आजमगढ़ जिले का नाम रोशन किया है।

# 18 मई को जनपद में अविमुक्तेश्वरानंद का होगा आगमन

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।** सनातन धर्म और गौ संरक्षण को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चला रहे ज्योतिष्पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती आगामी 18 मई को आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक कैलेश्वर धाम कैली आश्रम पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। आश्रम परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जगद्गुरु का यह दौरा देशव्यापी 81 दिवसीय 'गौ-स्वस्ति यात्रा' के अंतर्गत हो रहा है। इस यात्रा के माध्यम से वे देशभर में गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश में गौ माता को 'राज्यमाता' का दर्जा दिलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने का अभियान भी चला रहे हैं। गुरुवार को कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने उनके शिष्य डॉ. शशिकांत और इंद्रक्ष शर्मा कैलेश्वर धाम पहुंचे। उन्होंने आश्रम परिसर, सभा स्थल, श्रद्धालुओं की बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। शिष्य इंद्रक्ष शर्मा ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में भ्रमण कर रहे हैं। यात्रा के दौरान वे



लोगों को सनातन संस्कृति, गौ सेवा और भारतीय परंपराओं के संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में 17 और 18 मई को उनका आजमगढ़ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि 18 मई की शाम जगद्गुरु का अतरौलिया आगमन होगा, जहां वे कैलेश्वर धाम कैली आश्रम में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 19 मई की सुबह लगभग नौ बजे वे अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।डॉ. शशिकांत ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और कृषि परंपरा की आधारशिला रही है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु का उद्देश्य केवल धार्मिक संदेश देना नहीं बल्कि समाज को गौवंश संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उनका संकल्प है कि उत्तर प्रदेश में गौ माता को पशु सूची से हटाकर 'राज्यमाता' का दर्जा दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि कैलेश्वर धाम की पौराणिक और आध्यात्मिक महत्ता को देखते हुए शिष्यों ने गुरुदेव से यहां दर्शन और आशीर्वचन देने का आग्रह किया था। संभावना है कि 18 मई की शाम करीब 6 से 6रू30 बजे के बीच वे आश्रम पहुंचेंगे। जगद्गुरु के आगमन को लेकर अतरौलिया क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया है। आश्रम परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

# धरना देकर सांसद से सार्वजनिक माफी की मांग

**आजमगढ़, 14 मई (देवव्रत संवाद)।**




समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैंड पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सांसद के बयान को शर्मनाक बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके खिलाफ इस प्रकार की भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। इस अवसर पर पूर्व विधायक वंदना सिंह ने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ भारतीयों और लोकतंत्र का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष के पास विकास और नीतियों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचता, तब वह अभद्र भाषा और व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा लेता है। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा दिया गया बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और जनता इस तरह के व्यवहार को गंभीरता से देख रही है। उन्होंने मांग की कि सांसद सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए राजनीतिक शिष्टाचार बनाए रखने की अपील की।